RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-325 | जयपुर, गुरुवार, 21 मई 2026 | मूल्य-4 रूपये

## उज्जैन के कालभैरव मंदिर में अब वीआईपी दर्शन व्यवस्था

**उज्जैन।** उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर के बाद अब श्री काल भैरव मंदिर में भी श्रद्धालुओं के लिए शीघ्र दर्शन व्यवस्था शुरू कर दी गई है। बुधवार से लागू हुई इस नई व्यवस्था के तहत श्रद्धालु 500 रुपए का टिकट लेकर सीधे गर्भगृह से दर्शन कर सकेंगे। टिकट मंदिर परिसर के बाहर बने काउंटर से सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

विश्व प्रसिद्ध श्री कालभैरव मंदिर, जहां भगवान काल भैरव को मदिरा का भोग लगाया जाता है, वहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

## हेमकुंड साहिब यात्रा का पहला जत्था रवाना, 23 मई को खुलेंगे कपाट

**ऋषिकेश।** सिखों के पवित्र तीर्थ हेमकुंड साहिब के कपाट 23 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इससे पहले बुधवार को ऋषिकेश स्थित गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब से श्रद्धालुओं का पहला जत्था पंज प्यारों के नेतृत्व में रवाना हुआ। गुरुद्वारा परिसर 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयघोष और गुरबाणी से गूंज उठा।

# भीषण गर्मी की चपेट में उत्तर भारत

### 48.2 डिग्री के साथ उत्तर प्रदेश का बांदा जिला एशिया का सबसे गर्म शहर

नई दिल्ली/जयपुर



उत्तर भारत समेत पूरे देश में इस समय सूरज की तपिश और भीषण लू का ऐसा खौफनाक दौर शुरू हो चुका है जिसने पिछले कई सालों के रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। अभी सनातन परंपरा के अनुसार नौतपा शुरू भी नहीं हुआ है, लेकिन उससे पहले ही दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में पारा सामान्य से कई डिग्री ऊपर पहुंच गया है।

मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के लगातार कमजोर पड़ने के कारण खाड़ी देशों से आ रही शुष्क और गर्म हवाओं ने मैदानी इलाकों को भट्टी की तरह तपा दिया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उत्तर प्रदेश के 60 से अधिक जिलों में लू का गंभीर अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र और गुजरात समेत देश के 10 राज्यों में अगले एक हफ्ते तक सूखी-गर्म हवाएं चलेंगी। एजेंसी के मुताबिक इस दौरान इन राज्यों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री या उससे ज्यादा रहेगा। वेस्टर्न डिस्टर्वेंस कमजोर होने और कोई एक्टिव वेदर सिस्टम नहीं होने की वजह से बारिश की कोई संभावना नहीं है।

मंगलवार को स्क्क क्क राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब और महाराष्ट्र के 22 शहरों में तामपान 45 डिग्री से ज्यादा रहा। क्क के 22 जिलों में पारा 40 डिग्री या इससे उपर दर्ज हुआ।

मौसम विज्ञान केंद्र और लाइव ग्लोबल टेम्परेचर रैंकिंग के आंकड़ों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश का बुंदेलखंड इलाका इस समय भीषणतम गर्मी की मार झेल रहा है। लगातार तीसरे दिन उत्तर प्रदेश का बांदा जिला न केवल भारत या एशिया, बल्कि पूरी दुनिया का सबसे गर्म शहर दर्ज किया गया है। बांदा में अधिकतम तापमान रिकॉर्ड 48.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

### शहरों में फील टेंपरेचर 4 डिग्री तक अधिक

वास्तविक तापमान और फील टेंपरेचर में हर शहर में औसत 2 डिग्री से 4 डिग्री तक का अंतर है। क्लाइमेट एक्सपर्ट के मुताबिक, मौसम विभाग जो तापमान बताता है, लोगों को उससे कहीं ज्यादा गर्मी महसूस हो रही है। इसका सबसे बड़ा कारण तेजी से होता शहरीकरण है। इससे तापमान में उछाल आ रहा है। फील फैक्टर तेजी से बढ़ता जा रहा है।

### मानसून की दक्षिण अरब सागर में एंट्री

भारत को भिगोने वाले दक्षिणी-पश्चिमी मानसून ने मंगलवार को कोमरिन सागर, श्रीलंका, बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिमी भाग के कुछ और हिस्सों को कवर कर लिया। यह दक्षिण अरब सागर में प्रवेश कर गया। 2-3 दिन में लक्षद्वीप समूह के मिनिकॉय द्वीप पहुंचने की संभावना है।

### राजस्थान में तीन दिन तक हीटवेव से राहत नहीं

राजस्थान में गर्मी और लू का असर तेज हो गया है। सिरोही को छोड़कर राज्य के सभी जिलों में मंगलवार को अधिकतम तापमान 40 से 47 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ। उत्तर-पश्चिम के जिले में हीटवेव का सबसे ज्यादा असर रहा।


बाड़मेर, जैसलमेर से भी ज्यादा गर्म रात हो रही है। यहां रात का न्यूनतम तापमान 31.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

पूर्वी राजस्थान के भरतपुर, जयपुर, कोटा संभाग के जिलों में भी जबरदस्त गर्मी रही। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन इसी तरह की गर्मी और हीटवेव का दौर जारी रहने की संभावना जताई है।

प्रदेश में मंगलवार को सबसे ज्यादा गर्मी चित्तौड़गढ़ में रही। यहां का अधिकतम तापमान 46.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। श्रीगंगानगर में 45.9, पिलानी (झुंझुनूं) में 45.3, अलवर में 45.8, करौली में 44.3, चूरू, फलोदी में 44.8, कोटा में तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। ये सभी जिले हीटवेव से प्रभावित रहे। इनमें सुबह से देर शाम तक तेज गर्मी रही।

इनके अलावा जैसलमेर में 43.9, बाड़मेर में 43.5, बीकानेर में 43.8, फतेहपुर (सीकर) में 43.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। राज्य के उत्तर-पूर्वी और पश्चिमी जिलों में आगामी तीन-चार दिन इसी तरह का तापमान रहने और हीटवेव का दौर जारी रहने की चेतावनी जारी की गई है।

## अमरनाथ यात्रा के लिए 3.6 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन



### 3 जुलाई से शुरू होगी 57 दिन की यात्रा

### रास्तों पर अब भी 12 फीट तक बर्फ

श्रीनगर

इस साल की अमरनाथ यात्रा के लिए अब तक 3.6 लाख से ज्यादा श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। यात्रा मार्ग पर कई जगह अब भी 10 से 12 फीट तक बर्फ जमी है, लेकिन सीमा सड़क संगठन दोनों रास्तों पर तेजी से ट्रैक बहाल करने में जुटा है। अधिकारियों का दावा है कि 15 जून तक दोनों रास्ते पूरी तरह तैयार कर दिए जाएंगे। यात्रा 3 जुलाई से बालटाल-सोनमर्ग और पारंपरिक नुनवान-पहलगाम मार्ग से शुरू होगी। 57 दिन की यह यात्रा 28 अगस्त को रक्षा बंधन और सावन पूर्णिमा के दिन संपन्न होगी। रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हुए थे।

5 से 30 लोगों के ग्रुप में यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए रजिस्ट्रेशन बुधवार को बंद हो गए। हालांकि, अकेले या छोटे ग्रुप में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्लॉट खाली रहने तक रजिस्ट्रेशन जारी रहेंगे।

रजिस्ट्रेशन पंजाब नेशनल बैंक, जम्मू-कश्मीर बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यस बैंक की तय शाखाओं के जरिए हो रहा है। अधिकारियों को उम्मीद है कि इस साल यह संख्या 5 लाख के पार जा सकती है। 2025 में 4.14 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे, जबकि 2024 में यह आंकड़ा 5.10 लाख से ज्यादा था।

रास्ते में सामान्य जगहों पर 6 से 8 फीट और हिमस्खलन वाले इलाकों में 10 से 12 फीट तक बर्फ जमी है। बालटाल मार्ग पर 9 किमी और नुनवान-पहलगाम मार्ग पर 8 किमी ट्रैक से बर्फ हटाई जा चुकी है।

## दवा विक्रेताओं की एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल का रहा मिला-जुला असर

नई दिल्ली

देश में ऑनलाइन फार्मेसियों और भारी छूट के खिलाफ ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर बुधवार को एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल का असर मिला-जुला रहा।

ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) ऑनलाइन दवा कंपनियों (फार्मेसी) के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहा है। एआईओसीडी का कहना है कि वह 12.4 लाख दवा विक्रेताओं (केमिस्ट, फार्मासिस्ट) और वितरकों का प्रतिनिधित्व करता है। हालांकि, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (दिल्ली-एनसीआर) में कुछ संगठित फ़ार्मेसी चेन की दुकानें खुली हुई थीं। देशव्यापी केमिस्ट, फार्मासिस्ट और दवा वितरकों हड़ताल के आह्वान के बारे में पूछे जाने पर एक सेल्स एग्जीक्यूटिव ने कहा कि हम इस हड़ताल का हिस्सा नहीं हैं।


एआईओसीडी के महासचिव राजीव सिंघल ने कहा कि दवा की सभी दुकानें बंद हैं। हमें हमारी राज्य इकाइयों से जानकारी मिली है कि सभी देशव्यापी इस हड़ताल में हिस्सा ले रहे हैं। हमने अस्पतालों के भीतर संचालित 'नर्सिंग होम फार्मेसियों' पर कोई दबाव नहीं बनाया है। सिंघल ने दोहराया कि एआईओसीडी जीएसआर 817 और जीएसआर 220 अधिसूचनाओं के खिलाफ विरोध कर रहा है क्योंकि ये प्रभावी रूप से ऑनलाइन दवा विक्रेताओं को नियमित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इससे बिना उचित भौतिक सत्यापन के दवाओं की बिक्री हो रही है। कॉर्पोरेट समर्थित ऑनलाइन कंपनियां भारी छूट दे रही हैं, जिससे दुकानदारों को नुकसान हो रहा है।

### पीएम मोदी ने द्विपक्षीय संबंधों के लिए दिया 'थ्री डी' मंत्र

## भारत-इटली के बीच व्यापार और तकनीक पर डील

### 2029 तक 2000 अरब रूपए से अधिक का लक्ष्य

रोम



भारत और इटली ने 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' की घोषणा की रक्षा, व्यापार और तकनीक में सहयोग होगा मजबूत : प्रधानमंत्री

पीएम मोदी अपने पांच देशों के दौरे के आखिरी चरण में मंगलवार को इटली पहुंचे। वहां पीएम मेलोनी ने उनका स्वागत किया। दोनों रोम की सड़कों पर एक ही कार में घूमे और करीब 2000 साल पुराने ऐतिहासिक कोलोजियम का दौरा भी किया। इससे पहले दोनों नेताओं ने साथ में डिनर भी किया और कई अहम मुद्दों पर अनौपचारिक बातचीत भी की। मेलोनी ने मोदी के साथ सेल्फी शेयर करते हुए लिखा, 'वेलकम माय फ्रेंड।' दोनों नेताओं की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को भारत और इटली के संबंधों को 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' के स्तर तक उन्नत करने की घोषणा की। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ संयुक्त प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले लगभग साढ़े तीन वर्षों में उन्हें प्रधानमंत्री मेलोनी से कई बार मिलने का अवसर मिला है, जो दोनों देशों के बीच बढ़ते करीबी सहयोग और बेहतर सामंजस्य को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मेलोनी के नेतृत्व में भारत-इटली संबंधों को नई गति, नई दिशा और नया आत्मविश्वास मिला है।

उन्होंने कहा भारत-इटली संयुक्त रणनीतिक कार्ययोजना 2025-29 दोनों देशों की साझेदारी को व्यावहारिक व भविष्य उन्मुख ढांचा प्रदान करती है तथा इस पर समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ा जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा इटली विश्वभर में डिजाइन और प्रिसीजन के लिए प्रसिद्ध है, जबकि भारत बड़े पैमाने, प्रतिभा और किफायती नवाचार की ताकत के रूप में पहचाना जाता है। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब यूरो तक पहुंचाने की दिशा में तेजी से प्रगति हो रही है। भारत में कार्यरत 800 से अधिक इतालवी कंपनियां भारत की विकास यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं।

## देश में महंगाई-बेरोजगारी और मोदी विदेश में रील बनाने में व्यस्त : राहुल

रायबरेली/अमेठी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा भाजपा व वैचारिक संगठनों ने मिलकर संविधान को खत्म कर दिया है। हर जगह इनके वैचारिक संगठन के लोगों ने कब्जा कर रखा है। अब संविधान को बचाने की जिम्मेदारी आप सब की है। राहुल गांधी अपने उप्र दौरे के दूसरे दिन बुधवार को यहां लोधवारी में शहीद वीरा पासी की प्रतिमा के लोकार्पण के बाद आयोजित बहुजन स्वाभिमान सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के लिए कुछ आपत्तिजनक शब्द भी बोले। राहुल गांधी ने कहा देश में महात्मा गांधी व अंबेडकर की जरूरत है। इन लोगों ने संविधान को फाड़ के फेंक दिया है और मनरेगा बंद कर दिया। विश्वविद्यालयों में अपने चांसलर बैठा दिए, जिन्हें कुछ नहीं आता है। वे केवल संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि महंगाई बढ़ रही है। आर्थिक व्यवस्था ध्वस्त हो रही है, लेकिन प्रधानमंत्री विदेश घूम रहे हैं। वह दूसरों को विदेश जाने से रोक रहे हैं।

## धौलपुर में 14 साल की बच्ची को नदी में खींच ले गया मगरमच्छ

धौलपुर



धौलपुर जिले के राजघाट गांव में 14 साल की बच्ची को मगरमच्छ चंबल नदी में खींच ले गया। मगरमच्छ बच्ची को नदी के दूसरे किनारे पर ले गया। इस दौरान वहां मौजूद दूसरी लड़कियां घबरा गईं और शोर मचाकर ग्रामीणों को बुलाया।

चीख-पुकार सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद बालिका को मगरमच्छ के चंगुल से छुड़ाया। हालांकि तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस घटना के बाद राजघाट और आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, राजघाट निवासी दीनदयाल की बेटी भारती (14) रोजाना की तरह बुधवार सुबह करीब 11 बजे मवेशियों को पानी पिलाने के लिए चंबल नदी पर गई थी। इसी दौरान एक भैंस पानी में उतर गई, जिसे बाहर निकालने के लिए भारती नदी में घुसी। इसी दौरान पानी में छुपे एक मगरमच्छ ने उस पर हमला कर दिया। भारती के साथ मौजूद दूसरी लड़कियों ने उसको मगरमच्छ के कब्जे से छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन मगरमच्छ उसे खींचकर नदी के दूसरे किनारे की तरफ चला गया। इस पर बच्चियों ने शोर मचाया। चीख-पुकार सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और भारती को मगरमच्छ से छुड़ाया।

हालांकि तब तक भारती की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही चंबल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया।

## नीति आयोग ने सराहा राजस्थान का शिक्षा मॉडल

जयपुर

नीति आयोग ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट 'स्कूल एजुकेशन सिस्टम इन इंडिया -टेम्पोरल एनालिसिस एंड पॉलिसी रोडमैप फॉर क्वालिटी इन्हेंसमेंट' में राजस्थान के शिक्षा क्षेत्र में किए गए नवाचारों की सराहना की है। रिपोर्ट में राज्य सरकार के 'शाला स्वास्थ्य परीक्षण अभियान' व मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान की एआई आधारित मूल्यांकन प्रणाली को 'गुड स्टेट प्रैक्टिसेज' के रूप में शामिल किया।

रिपोर्ट में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण, फिटनेस व स्वास्थ्य निगरानी के लिए विकसित तकनीक आधारित मॉडल को प्रभावी बताया गया। इसके तहत प्रदेश में 75 लाख से अधिक विद्यार्थियों की 70 से ज्यादा स्वास्थ्य मानकों पर स्क्रीनिंग की गई। विद्यार्थियों की दृष्टि, श्रवण क्षमता, पोषण स्तर, दंत स्वास्थ्य और शारीरिक फिटनेस की जांच के साथ मोबाइल ऐप आधारित फॉलो-अप प्रणाली भी विकसित की गई है।

## अमेरिकी संसद में ईरान जंग रोकने का प्रस्ताव पास

### ट्रम्प के 4 सांसदों ने उनके खिलाफ वोटिंग की

### राष्ट्रपति के पास वीटो का अधिकार बाकी

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी



अमेरिकी संसद में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सैन्य शक्तियों को सीमित करने वाला प्रस्ताव पास हो गया है। वोटिंग में 4 रिपब्लिकन सांसदों ने भी विपक्षी पार्टी डेमोक्रेट्स का साथ दिया। हालांकि 3 रिपब्लिकन सांसद वोटिंग में शामिल नहीं हुए। यह प्रस्ताव 50-47 से पास हुआ, हालांकि इसे कानून बनने के लिए अभी कुछ और चरणों से गुजरना होगा। अगर यह प्रस्ताव कानून बनता है, तो ट्रम्प सरकार को ईरान के खिलाफ युद्ध जारी रखने के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी।

अभी सीनेट में इस पर अंतिम वोटिंग होनी बाकी है। इसके बाद इसे रिपब्लिकन बहुमत वाली हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स से मंजूरी लेनी होगी। हालांकि उसके बाद भी ट्रम्प इसके खिलाफ वीटो कर सकते हैं। फिर उस वीटो को रद्द करने के लिए सीनेट और हाउस दोनों में दो-तिहाई बहुमत चाहिए होगा, जो फिलहाल मुश्किल माना जा रहा है।

यह वोट विपक्ष के लिए बड़ी जीत माना जा रहा है जो कह रहे थे कि अमेरिका में युद्ध शुरू करने या सेना भेजने का अधिकार राष्ट्रपति नहीं बल्कि संसद के पास होना चाहिए। अमेरिकी संविधान में भी यही व्यवस्था दी गई है।

इस प्रस्ताव को वर्जीनिया के डेमोक्रेट सीनेटर टिम केन लेकर आए हैं। बहस के दौरान उन्होंने कहा कि अभी जब युद्धविराम की बात हो रही है, तब ट्रम्प को संसद के सामने आकर अपनी रणनीति बतानी चाहिए।

डेमोक्रेट सीनेटर टिम केन ने कहा कि युद्ध शुरू करने का अधिकार संसद के पास है, सिर्फ राष्ट्रपति के पास नहीं।

वहीं व्हाइट हाउस का कहना है कि ट्रम्प ने अमेरिकी सुरक्षा के लिए अपने अधिकारों के तहत कार्रवाई की है।

अमेरिकी कानून के मुताबिक कोई भी राष्ट्रपति बिना संसद की मंजूरी के सिर्फ 60 दिन तक सैन्य कार्रवाई चला सकता है। इसके बाद या तो युद्ध खत्म करना होता है, कांग्रेस से अनुमति लेनी होती है, या फिर सेना की सुरक्षित वापसी के लिए 30 दिन की अतिरिक्त मोहलत मांगनी होती है।

## इजराइल का दक्षिणी लेबनान पर हमला, 15 लोगों की मौत

बेरुत (लेबनान)।

इजराइल के दक्षिणी लेबनान पर किए ताजा हवाई हमले में कम से कम 15 लोग मारे गए। इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के 12 गांवों को तत्काल खाली करने का आदेश दिया है। 16 अप्रैल को लेबनान और इजराइल के बीच हुए सीज फायर के बावजूद दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह और लेबनान के बीच घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा। कुछ मीडिया संस्थानों में अपुष्ट सूत्रों से मरने वालों की संख्या 19 बताई जा रही है। रिपोर्ट अनुसार इजराइल ने खूनखराबा करने के साथ दक्षिणी लेबनान और बेका घाटी के 12 गांवों को खाली करने का आदेश दिया है।

## बंगाल में ओबीसी आरक्षण 17 से घटकर 7% हुआ

### ममता सरकार की ओबीसी-ए और ओबीसी-बी की व्यवस्था खत्म

### अब 66 जातियां ही कोटे में रहेंगी

कोलकाता



पश्चिम बंगाल सरकार ने ओबीसी आरक्षण व्यवस्था में बदलाव किया है। राज्य में ओबीसी आरक्षण 17% से घटाकर 7% कर दिया गया है। नई लिस्ट के मुताबिक अब सिर्फ 66 जातियां ओबीसी आरक्षण के दायरे में रहेंगी। धर्म आधारित वर्गीकरण की व्यवस्था भी खत्म कर दी गई है। सरकार का कहना है कि यह फैसला कलकत्ता हाईकोर्ट के 2024 के आदेश के आधार पर लिया गया है। कोर्ट ने 2010 से 2012 के बीच ओबीसी सूची में 77 अतिरिक्त जातियों को जोड़ने की प्रक्रिया को अवैध और असंवैधानिक बताया था।

हालांकि 2010 से पहले ओबीसी कैटेगरी में शामिल जातियों का दर्जा बना रहेगा। इस कोटे के जरिए पहले नौकरी पा चुके लोगों की नियुक्तियों पर भी असर नहीं पड़ेगा।

इस फैसले के साथ ममता बनर्जी सरकार के समय लागू ओबीसी-ए और ओबीसी-बी व्यवस्था खत्म हो गई है। ममता सरकार ने ओबीसी आरक्षण को दो कैटेगरी में बांटा था। ओबीसी-ए को 10% और ओबीसी-बी को 7% आरक्षण मिल रहा था। इस दौरान कई नई जातियां भी जोड़ी गईं।

इसी के खिलाफ 2024 में कलकत्ता हईकोर्ट ने फैसला दिया था। कोर्ट के फैसले से 2010 के बाद जारी करीब 12 लाख ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द हो गए थे।


नई लिस्ट में कपाली, कुर्मी, सुध्राधार, कर्मकार, सूत्रधार, स्वर्णकार, नाई, तांती, धनुक, कसाई, खंडायत, तुरहा, देवांग और गोआला जैसी जातियां शामिल हैं। पहाड़िया, हज्जाम और चौधुली जैसे तीन मुस्लिम समुदाय भी इस लिस्ट में हैं।

राज्य मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने कैबिनेट बैठक के बाद कहा कि सरकार ओबीसी ढांचे की नई समीक्षा करेगी।

# मई के अंतिम सप्ताह में मानसून दे सकता है आमद, कई राज्यों में होगी बारिश

**-उत्तर पश्चिम भारत के ज्यादातर राज्य गर्मी का करेंगे सामना**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में मॉनसून की एंट्री में बस कुछ ही दिन हैं। खबर मिल रही है कि मई के अंतिम सप्ताह में मानसून की केरल में आमद हो सकती हैं। वहीं, उत्तर पश्चिम भारत के ज्यादातर राज्य गर्मी का सामना करेंगे। हालांकि, उत्तराखंड समेत कुछ राज्यों में बारिश के आसार हैं। इसके अलावा भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को कम से कम 10 राज्यों में बारिश की संभावनाएं जताई है।



आईएमडी ने कहा है कि 19 मई से 22 मई के बीच जम्मू-कश्मीर, 20 से 22 मई के बीच उत्तराखंड में हल्की बारिश हो सकती है। वहीं इस दौरान हवा की रफ्तार 30-40 किमी प्रतिघंटा पहुंच सकती है। साथ ही अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 19 से 24 मई, गंगीय पश्चिम बंगाल में 21 और 22 मई, ओडिशा में 19 मई और 22 मई से 24 मई को बारिश हो सकती है।

बिहार में 19 से 21 मई के बीच, झारखंड में 20 मई, ओडिशा में 20 और 21 मई को तेज हवा के साथ भारी बारिश की संभावना है। दक्षिण भारतीय राज्य तमिलनाडु, तटीय कर्नाटक, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, केरल और माहे में 19 मई को भारी बारिश की संभावना है। 19 से 22 मई के बीच असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में बारिश के आसार हैं। अरुणाचल प्रदेश में 22 मई को भारी बारिश हो सकती है। जबकि, असम और मेघालय में ऐसा ही मौसम 21 और 22 को बन सकता है। मौसम विभाग ने सोमवार को कहा था कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के 26 मई को केरल पहुंचने की संभावना है। विभाग ने यह भी कहा कि मॉनसून के आगमन की तारीख में चार दिन का अंतर देखने को मिल सकता है। अगले पांच दिनों में केरल और माहे के कुछ हिस्सों में बिजली गिरने और तेज हवाओं के साथ भारी बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक ऐसा दक्षिणी तटीय आंध्र प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में चक्रवाती परिसंचरण के कारण हो सकता है, जिससे केरल, दक्षिणी आंतरिक कर्नाटक, रायलसीमा और दक्षिण लक्षद्वीप से सटे दक्षिण-पूर्वी अरब सागर में निम्न वायु दाब का क्षेत्र बन गया है।

आईएमडी के मुताबिक दक्षिण-पश्चिमी मॉनसून दक्षिण-पूर्वी अरब सागर के अधिकांश हिस्सों और कन्याकुमारी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ चुका है। मौसम विभाग के मुताबिक यह दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के अधिकांश हिस्सों, अंडमान सागर के अधिकांश भाग, अंडमान निकोबार द्वीप समूह और पूर्वी-मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों में भी आगे बढ़ चुका है।

## सड़कों पर प्रदर्शन करने वाले युवाओं को सीजेआई सूर्यकांत की नसीहत, आंदोलन से उनका करियर हो सकता है बर्बाद

नई दिल्ली (एजेंसी)। सीजेआई सूर्यकांत ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में एक बार फिर देश के युवाओं को लेकर टिप्पणी की है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने कहा कि किसी को भी धमकी नहीं देनी चाहिए और ना ही कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगाड़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को शांतिपूर्ण और कानूनी तरीके से विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है लेकिन आम लोगों के लिए परेशानी पैदा करना उचित नहीं है। कोर्ट ने यह टिप्पणी नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नामकरण से जुड़ी एक याचिका की सुनवाई के दौरान की। एक सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने इस दावे पर प्रतिक्रिया दी कि सड़कों पर प्रदर्शन करने वाले युवाओं के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज किए जा रहे हैं और इससे उनका करियर बर्बाद हो सकता है। सीजेआई ने कहा कि उन्हें धमकी नहीं देनी चाहिए और कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा नहीं करनी चाहिए। हर व्यक्ति को शांतिपूर्ण और कानूनी तरीके से विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है, कानून के तहत जो अनुमति है, वह किया जा सकता है। लेकिन सड़कों पर आकर आम लोगों के लिए परेशानी पैदा नहीं करनी चाहिए।

## ऋषिकेश में उज्जैनी एक्सप्रेस के तीन कोच पटरी से उतरे, टला बड़ा हादसा

देहरादून (एजेंसी)। ऋषिकेश में सोमवार रात उज्जैनी एक्सप्रेस के तीन डिब्बे शंटिंग के दौरान पटरी से उतर गए। योगनगरी रेलवे स्टेशन पर हुई घटना में, जब इंजन शंटिंग लाइन के अंत में लगे बफर से टकराया, तब ट्रेन के डिब्बों पर अत्यधिक दबाव पड़ गया। हालांकि, ट्रेन खाली होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, शाम करीब 6 बजे योगनगरी स्टेशन पहुंची यह ट्रेन मंगलवार सुबह 6ः15 बजे वापस रवाना होनी थी। इसकाराण रात में लगभग 9ः42 बजे प्लेटफॉर्म से खांड गांव स्थित शंटिंग लाइन पर ले जाया जा रहा था। तभी, इंजन तेज गति से या अनियंत्रित होकर डेड एंड पर लगे बफर से टकरा गया। इस जोरदार टक्कर के कारण पूरी ट्रेन झटके के साथ रुक गई और डिब्बों पर पड़े भीषण दबाव से एक बोगी ट्रैक से पूरी तरह बाहर निकल गई, जबकि दूसरी बीच से मुड़कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कुल मिलाकर तीन डिब्बे प्रभावित हुए। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया और लोग तुरंत घरों से बाहर निकल आए। सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी, इंजीनियरिंग टीम और पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत ट्रैक को दुरुस्त करने और क्षतिग्रस्त डिब्बों को हटाने का काम शुरू किया, जो देर रात तक जारी रहा। घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा होने के कारण स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को अतिरिक्त प्रयास करने पड़े। प्रारंभिक तौर पर इस दुर्घटना का कारण तकनीकी गड़बड़ी, अत्यधिक बल का प्रयोग या फिर शंटिंग प्रक्रिया में लापरवाही को माना जा रहा है। रेलवे की उच्चस्तरीय तकनीकी टीम पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## मंदिरों के पास रखे सोने के मॉनेटाइजेशन की कोई योजना नहीं : केंद्र सरकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने उन रिपोर्टों और सोशल मीडिया दावों को पूरी तरह गलत, भ्रामक और आधारहीन बताया है, जिसमें दावा हुआ था कि केंद्र सरकार मंदिरों, ट्रस्टों और धार्मिक संस्थानों के लिए गोल्ड मॉनेटाइजेशन स्कीम शुरू करने पर विचार कर रही है। वित्त मंत्रालय ने साफ कहा हैं कि केंद्र सरकार की ओर से ऐसा कोई प्रस्ताव न मंजूर किया गया है और न ही इस तरह की कोई योजना विचाराधीन है। कुछ रिपोर्टों में बताया गया था कि मंदिरों के स्वर्ण भंडार के बदले गोल्ड बॉन्ड जारी किए जाएंगे या इन भंडारों को 'स्ट्रैटेजिक गोल्ड रिजर्व ऑफ इंडिया' का हिस्सा बनाया जाएगा, लेकिन केंद्र सरकार ने इन सभी दावों को सिरे से खारिज किया है। मोदी सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे बिना पुष्टि वाली खबरों और अफवाहों पर विश्वास न करें और न ही उन्हें साझा करें। साथ ही कहा गया है कि नीतिगत फैसलों से जुड़ी सही जानकारी केवल आधिकारिक प्रेस विज्ञप्तियों और सरकारी स्रोतों से ही प्राप्त करें। इस बीच, प्रधानमंत्री से जुड़े एक कथित बयान को लेकर भी चर्चा रही, जिसमें नागरिकों से ऊर्जा और संसाधन बचत जैसे सुझावों की बात कही गई थी। हालांकि, इसतरह के किसी भी सार्वजनिक संदेश या संदर्भ को लेकर आधिकारिक पुष्टि ही अंतिम मानी जाती है।

## कनाडा से लौटे आशिक ने की मशहूर पंजाबी सिंगर की हत्या, नीलो नहर से मिला शव

**-पुलिस की लापरवाही से आरोपी सुखविंदर कनाडा फरार**

लुधियाना (एजेंसी)। पंजाब के लुधियाना में बेहद दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे संगीत जगत को झकझोर दिया है। मशहूर पंजाबी सिंगर इंदर कौर उर्फ यशइंदर कौर, जो छह दिन पहले गन प्वाइंट पर अगवा की गई थीं, कि निर्ममता से हत्या कर दी गई है। उनका शव नीलो नहर से बरामद हुआ है, जिसकी शिनाख्त के बाद परिवार में मातम छा गया है। सिंगर के शव को सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। इस खौफनाक मर्डर मिस्ट्री की कहानी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है, जिसमें प्यार, ज़िद और खूनी अंजाम शामिल है। मृतका के भाई जोतइंदर सिंह ने बताया कि इंदर कौर की दोस्ती मोगा के गांव भलूर निवासी सुखविंदर सिंह उर्फ सुक्खा से थी। जोतइंदर सिंह का आरोप है कि सुखविंदर उनकी बहन से जबरन शादी करना चाहता था, लेकिन इंदर कौर ने इस शादी से साफ इंकार किया था। बस इसी शादी से इंकार की रंजिश को दिल में पाले सुखविंदर सिंह ने एक खौफनाक साजिश रच डाली। आरोपी सुखविंदर, अपनी इस ज़िद को पूरा करने और इंदर कौर को रास्ते से हटाने के लिए खास तौर पर कनाडा से पंजाब आया था। 13 मई की रात इंदर कौर बाजार से राशन लेने निकली थीं, तभी सुखविंदर ने अपने साथियों के साथ मिलकर उन्हें घेरा और पिस्तौल की नोक पर अगवा किया। इसके बाद आरोपियों ने बेरहमी से इंदर कौर की जान ले ली और शव को छुपाने के लिए नीलो नहर में फेंक दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद मुख्य आरोपी सुखविंदर सिंह पुलिस को चकमा देकर वापस कनाडा फरार हो गया है।

## पूर्व जज वर्मा के इस्तीफे के बाद भी नहीं थमी मुश्किलें, समिति ने जांच रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष बिरला को सौंपी

नई दिल्ली (एजेंसी)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा की मुश्किलें इस्तीफे के बाद भी कम होती नजर नहीं आ रही हैं। उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच कर रही तीन सदस्यीय समिति ने अपनी रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप दी है। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए यह रिपोर्ट सोमवार को सौंपी गई है। रिपोर्ट को जल्द ही संसद के दोनों सदनों में पेश किया जाएगा। दरअसल, पिछले साल न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित सरकारी आवास से जले हुए नोटों की गड्डियां बरामद होने के बाद मामला सुर्खियों में आया था। इस घटना के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों ने उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव से संबंधित नोटिस दिए थे, जिन्हें स्वीकार कर जांच प्रक्रिया शुरू की गई थी। मामले की जांच के लिए गठित समिति में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति चन्द्रशेखर तथा कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता बी.वी. आचार्य शामिल थे। समिति का पुनर्गठन 25 फरवरी को किया गया था। इसी बीच, न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने 10 अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। उनके इस्तीफे के बाद महाभियोग की कार्यवाही तकनीकी रूप से निष्प्रभावी हो गई, लेकिन जांच प्रक्रिया जारी रही। गौरतलब है कि दिल्ली आवास से कथित रूप से जले हुए नोट मिलने की घटना के बाद से न्यायमूर्ति वर्मा लगातार विवादों और आलोचनाओं के केंद्र में रहे हैं। अब जांच रिपोर्ट संसद में पेश होने के बाद इस मामले पर राजनीतिक और कानूनी बहस तेज होने की संभावना है।



## मेरी गैरमौजूदगी को चुप्पी न समझा जाए, मैं जल्द लौटूंगी अपने देश

**-बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की तारिक रहमान को चुनौती**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मेरी गैरमौजूदगी को चुप्पी न समझा जाए। मैं जल्द अपने देश वापस लौटूंगी। यह कहना है बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना का। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि लगातार अपने देश और लोकतंत्र की बहाली के लिए संघर्ष कर रही हैं। फिलहाल वो भारत में अपना समय बिता रहीं हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शेख हसीना ने कहा कि 17 मई 1981 उनके जीवन का बेहद भावुक दिन था, जब वह छह साल के निर्वासन के बाद भारत से बांग्लादेश लौटी थीं। उन्होंने कहा कि उस समय भी उनके खिलाफ साजिशें हुई थीं, मुकदमे दर्ज किए गए थे और जान का खतरा था, लेकिन जनता के प्यार और समर्थन ने उन्हें वापस लौटने की ताकत दी।

उन्होंने कहा कि इस बार उनकी वापसी किसी तय तारीख पर निर्भर नहीं है, बल्कि बांग्लादेश में लोकतांत्रिक माहौल, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, राजनीतिक अधिकारों और कानून के शासन की बहाली पर निर्भर करेगी। हसीना ने दावा किया कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कूटनीतिक और कानूनी लड़ाई लड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि 19 बार हत्या की कोशिशों से मैं बच चुकी हूं। जब तक अल्लाह ने मुझे जिंदा रखा है, मैं बहुत जल्द बांग्लादेश की धरती पर लौटूंगी।

पूर्व पीएम हसीना ने कहा कि अवामी लीग कोई ऐसी पार्टी नहीं है, जिसे बंद किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह जनता की पार्टी है, आम लोगों की पार्टी है और इसे कागज पर लिखे प्रतिबंध से खत्म नहीं किया जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सत्ता अवामी लीग से डरता है, क्योंकि अगर पार्टी को लोकतांत्रिक तरीके से काम करने दिया गया तो सरकार की 'राष्ट्र विरोधी गतिविधियां' उजागर हो जाएंगी। उन्होंने साफ कहा कि पार्टी को तोड़ने की साजिशें सफल नहीं होंगी और सुधार का फैसला पार्टी के आंतरिक लोकतांत्रिक ढांचे के तहत ही होगा।

रिपोर्ट के मुताबिक शेख हसीना ने इंटरव्यू में बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति पर भी गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि देश फिर से 2001 से 2006 के उस दौर की ओर बढ़ सकता है, जब कट्टरपंथ और उग्रवादी ताकतें मजबूत हुई थीं। हसीना ने आरोप लगाया कि अंतरिम सरकार के नेतृत्व में अवामी लीग के नेताओं और समर्थकों के खिलाफ 'खामोश राजनीतिक नरसंहार' चलाया गया। उनके मुताबिक करीब 600 नेताओं और कार्यकर्ताओं की हत्या की गई, जबकि डेढ़ लाख से ज्यादा लोगों को झूठे मामलों में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने यह भी दावा किया कि पार्टी नेताओं के घरों और कारोबारों को निशाना बनाया गया और समर्थकों में डर का माहौल पैदा किया गया।

# कांग्रेस सांसद राहुल गांधी बोले- एक्शन लेने के बजाए मोदीजी विदेश चले गए

**आने वाला है आर्थिक तूफान, आम जनता होगी तबाह**

**रायबरेली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी दो दिन के यूपी दौरे पर हैं। मंगलवार को रायबरेली में उन्होंने कहा कि आर्थिक तूफान अब आने वाला है। पीएम मोदी ने अदाणी और अंबानी वाला जो आर्थिक ढांचा बनाया है, वह खड़ा नहीं हो पाएगा, बल्कि पूरा टूटेगा। दुख की बात है कि इसका नुकसान आम जनता को होगा। राहुल गांधी ने कहा कि यूपी की जनता को शॉक लगेगा। आर्थिक शॉक आ रहा है। वह अदाणी, अंबानी या पीएम मोदी को नहीं लगेगा। वह यूपी के युवाओं, किसानों और छोटे व्यापारियों को लगेगा। बहुत कठिन समय आ रहा है। एक्शन लेने की बजाए प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि विदेश यात्रा पर मत जाइए, जबकि प्रधानमंत्री मोदी खुद दुनिया के चक्कर काट रहे हैं।

राहुल ने कहा कि हम आपके साथ खड़े हैं। जहां भी आप जाएंगे, मुझे बुला लीजिए, मैं आपके साथ रहूंगा। मैं जनता के साथ खड़ा हूं, जनता के साथ दिखाई देता हूं और जनता से प्यार करता हूं।



आप देख लीजिए, देश के तमाम बड़े नेता मोदी जी, अमित शाह जी, गडकरी सभी अंबानी जी की के घर शादी में गए थे। राहुल गांधी वहां कभी नहीं जाएंगे। मैं यह संदेश दे रहा था कि मैं भी आप लोगों के बीच आना चाहता हूं, आपके घरों में आना चाहता हूं। आपने मेरा समर्थन किया, आपने बारात घर की मांग की थी, हमने आपको बारात घर भी दे दिया। अगली बार जब यहां शादी होगी तो मुझे जरूर बुलाइए, मैं जरूर आऊंगा। हमारा रिश्ता प्यार का है, दिल का रिश्ता है, परिवार जैसा रिश्ता है। जनता मेरे लिए माता-पिता, दादी, बहन और भाई जैसी है।

### ...और खुद विदेश चले गए

राहुल ने कहा- नरेंद्र मोदी कहते है कि सोना मत खरीदो, इलेक्ट्रिक गाड़ी खरीदो, विदेश मत जाओ। इतना कहने के बाद नरेंद्र मोदी विदेश चले जाते हैं। दुख की बात है कि अब जबरदस्त आर्थिक तूफान आने वाला है, जिसको कोई रोक नहीं सकता। ऐसा आर्थिक तूफान आने वाला है, जो आपने हमने कभी जिंदगी में नहीं देखा होगा। इसकी चोट किसको लगेगी। अंबानी-अदाणी अपने महलों में बैठे रहेंगे। उनके महलों में चारों ओर सिक्योरिटी होगी। हिंदुस्तान के मजदूर, युवाओं, छोटे व्यापारियों को चोट लगेगी। राहुल गांधी ने कहा कि मैंने आपसे जो वादा किया था, वह पूरा किया। देश की बात करते हुए राहुल ने कहा कि जनता का पैसा, मजदूरों का पैसा, किसानों का पैसा, पीएम नरेंद्र मोदी ने अंबानी और अदाणी को दे दिया। उन्होंने छोटे व्यापारियों से पैसा खींचकर अपने मित्रों को दे दिया।



## अखिलेश का ऐलान, यूपी में कांग्रेस के साथ गठबंधन जारी रहेगा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भविष्य के चुनावों में सहयोगी दलों के साथ गठबंधन जारी रहेगा और पार्टी का मूल मंत्र 'सीटें नहीं, जीत' होगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ संयुक्त प्रचार के सवाल पर उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी गठबंधन धर्म निभाने में अनुभवी है और सहयोगियों के हित का ध्यान रखती है। सपा मुखिया ने कहा कि हमारी पार्टी ने कई गठबंधन किए हैं। हमारे पास गठबंधन का अनुभव है। समाजवादी पार्टी ने हमेशा अपने सहयोगियों के लिए लाभ सुनिश्चित किया है। हम लोगों ने कभी किसी को धोखा नहीं दिया है। आज जो गठबंधन है, वहां आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में गठबंधन की चर्चा सीटों के लिए सौदेबाजी के इर्द-गिर्द नहीं बल्कि चुनावी सफलता सुनिश्चित करने के इर्द-गिर्द घूमेगी। अखिलेश ने कहा, गठबंधन में सीटों का सवाल नहीं होगा। लोकसभा चुनाव के दौरान भी मैंने कहा था कि मुद्दा सीटों का नहीं है, मुद्दा जीत का है। यही फॉर्मूला फिर काम करेगा। सवाल सीटों का नहीं होगा, सवाल जीत का होगा।

# सीएम की पत्नी पर टिप्पणी: खेड़ा के बाद अब सुरजेवाला पर शिकंजा

**-असम की क्राइम ब्रांच ने कांग्रेस नेता को समन भेज पूछताछ के लिए बुलाया**

**डिसपुर (एजेंसी)।** असम के सीएम हिमंता विश्वा सरमा की पत्नी पर की गई कथित टिप्पणी से जुड़ा राजनीतिक विवाद थम नहीं रहा है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के बाद अब असम पुलिस ने कांग्रेस के एक और वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला पर शिकंजा कसा है। मामले की जांच कर रही असम पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सुरजेवाला को समन जारी किया है।

सूत्रों के मुताबिक क्राइम ब्रांच ने सुरजेवाला को 23 मई को गुवाहाटी में जांच अधिकारियों के सामने हाजिर होने का निर्देश दिए हैं। बताया जा रहा है कि इस माह पवन खेड़ा से हुई कई घंटों की पूछताछ में जो बातें सामने आईं, उसके आधार पर सुरजेवाला को यह समन भेजा गया है। इस घटनाक्रम से असम में सत्तारूढ़ बीजेपी और कांग्रेस के बीच राजनीतिक तनातनी और तेज हो गई है।

बता दें यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ था जब कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में



असम के सीएम हिमंता विश्वा सरमा की पत्नी को लेकर कथित तौर पर कुछ विवादास्पद टिप्पणियां की थीं। इन बयानों के बाद असम में एक शिकायत दर्ज कराई गई। इसके आधार पर क्राइम ब्रांच ने मामला दर्ज कर पवन खेड़ा को पूछताछ के लिए गुवाहाटी बुलाया था। इस माह खेड़ा क्राइम ब्रांच के सामने पेश हुए थे, जहां उनसे करीब 8 घंटे तक पूछताछ की गई थी। पूछताछ के बाद हालांकि पवन खेड़ा ने जांच को लेकर कोई विस्तृत टिप्पणी नहीं की, लेकिन यह जरूर साफ किया कि कांग्रेस असम की बीजेपी सरकार के खिलाफ अपनी राजनीतिक लड़ाई जारी रखेगी।

इस मामले ने अब राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोर ली हैं। जांच अधिकारी अब इस विवाद से जुड़े अन्य कथित बयानों और सोशल मीडिया नैरेटिव की भी गहराई से पड़ताल कर रहे हैं। जांचकर्ताओं ने पहले ही इस बात के संकेत दिए थे कि मामले की तह तक जाने के लिए कांग्रेस के अन्य नेताओं से भी पूछताछ की जा सकती है।

रिपोर्ट के मुताबिक रणदीप सुरजेवाला को औपचारिक तौर पर समन मिलने के बाद पूछताछ के अगले दौर से पहले ही असम का सियासी पारा चढ़ने की उम्मीद है। कांग्रेस लगातार इस पूरी पुलिस जांच को राजनीति से प्रेरित बता रही है। वहीं दूसरी तरफ बीजेपी पुलिस की इस कार्रवाई का बचाव कर रही है। बीजेपी का साफ कहना है कि यह मामला सार्वजनिक विमर्श में गरिमा और जवाबदेही से जुड़ा हुआ है।

# आप नेता सिंगला की गिरफ्तारी पर केजरीवाल ने बीजेपी पर लगाए गंभीर आरोप

**-ईडी की कार्रवाई राजनीतिक बदले की भावना**

**-बीजेपी ने कहा- जांच निष्पक्ष**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित बैंक लोन धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी के नेता दीपक सिंगला को दिल्ली और गोवा में छापेमारी के बाद गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों के अनुसार, कार्रवाई के दौरान कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए, जिसके आधार पर गिरफ्तारी की गई। वहीं इस गिरफ्तारी को पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने राजनीतिक बदले की भावना से की गई कार्रवाई करार दिया है।

गौरतलब है कि दीपक सिंगला 2024 विधानसभा चुनाव में दिल्ली की विश्वास नगर सीट से आप उम्मीदवार रह चुके हैं। ईडी का कहना है कि यह मामला बैंक लोन फ्रॉड और उससे जुड़े धन शोधन नेटवर्क से जुड़ा हुआ है। एजेंसी इससे पहले भी 2024 में उनके ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है। फिलहाल सिंगला से पूछताछ जारी है और उनके वित्तीय लेनदेन की गहन जांच की जा रही है। गिरफ्तारी के बाद दिल्ली की राजनीति में बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। आप ने इसे पूरी तरह से राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दीपक सिंगला को किसी गलत काम के कारण नहीं, बल्कि राजनीतिक कारणों से गिरफ्तार किया गया है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि सिंगला को इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का विरोध किया और पार्टी में शामिल होने से इनकार कर दिया। उन्होंने सिंगला को 'बहादुर' बताते हुए कहा कि वह देश के लिए लड़ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, बीजेपी नेताओं का कहना है कि जांच एजेंसियां केवल सबूतों के आधार पर कार्रवाई कर रही हैं और इस मामले को राजनीतिक रंग देना उचित नहीं है। उनका कहना है कि कानून अपना काम कर रहा है और दोषी पाए जाने पर ही कार्रवाई की जाती है।

# दुनिया के सबसे प्रदूषित और समृद्ध शहरों में भारत के 138 शहर शामिल

**-नेचर सिटीज अध्ययन में खुलासा—आर्थिक विकास के साथ बढ़ रहा प्रदूषण**

**-स्वच्छ शहरीकरण में चीन समेत कई देश आगे**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया के तेजी से विकसित हो रहे शहरों में प्रदूषण और आर्थिक समृद्धि के बीच गहरा संबंध सामने आया है। भारत के अनेक बड़े शहर आर्थिक विकास के साथ-साथ प्रदूषण की गंभीर चुनौती का भी सामना कर रहे हैं। अध्ययन में बताया गया है कि दुनिया के 390 ऐसे शहरों में, जिन्हें ÷सबसे अधिक प्रदूषित और समृद्ध÷ श्रेणी में रखा गया, उनमें 138 शहर भारत के हैं। यह कुल संख्या का लगभग 35.4 प्रतिशत है।

शोधकर्ताओं ने 2019 से 2024 के बीच दुनिया के 5,435 शहरों का अध्ययन किया। इसके लिए उपग्रह आधारित नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, डेटा और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमानों का उपयोग किया गया। अध्ययन के मुताबिक, भारत में शहरी विकास अब भी बड़े पैमाने पर जीवाश्म ईंधन आधारित परिवहन, उद्योग और बिजली उत्पादन पर निर्भर है, जिसके कारण आर्थिक प्रगति के साथ प्रदूषण भी बढ़ रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे महानगरों में स्वच्छ विकास की दिशा में कुछ सकारात्मक संकेत जरूर दिखाई दिए हैं, लेकिन अधिकांश भारतीय शहर अब भी प्रदूषण कम करने में अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर पाए हैं। इसके विपरीत चीन और कई अन्य देशों ने स्वच्छ ऊर्जा और टिकाऊ शहरीकरण के जरिए प्रदूषण नियंत्रण में उल्लेखनीय प्रगति की है।

आर्थिक दृष्टि से भारत के प्रमुख शहरों में मुंबई सबसे आगे है। 'हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2025' के अनुसार, मुंबई में 91 अरबपति रहते हैं, जिससे यह देश का सबसे अमीर शहर बना हुआ है। दिल्ली-एनसीआर करीब 26.33 लाख करोड़ रुपये की जीडीपी के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं कोलकाता पूर्वी भारत का सबसे बड़ा औद्योगिक और व्यापारिक केंद्र माना जाता है।

आईटी और स्टार्टअप हब के रूप में पहचान बना चुका बेंगलुरु लगभग 9.86 लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था के साथ देश की तकनीकी राजधानी बना हुआ है। वहीं चेन्नई, जिसे 'ऑटो कैपिटल ऑफ इंडिया' कहा जाता है, करीब 7.05 लाख करोड़ रुपये की जीडीपी के साथ ऑटोमोबाइल, आईटी और हेल्थकेयर क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को आर्थिक विकास के साथ-साथ स्वच्छ ऊर्जा, सार्वजनिक परिवहन और हरित तकनीकों को तेजी से अपनाने की जरूरत है, ताकि आने वाले वर्षों में शहरी प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके।



# पंडेर के विकास को लगी किसकी नजर, छोटे-छोटे कार्य को तरस रहा नगर









स्मार्ट हलचल | जहाजपुर

तहसील की ग्राम पंचायत पंडेर राजनीति खींचतान के चलते विकास को तरस रहा है,ग्राम पंचायत में गंदगी का आलम है कचरे के ढैर गली,मोहल्लै, चौक, चौराहो पर नजर आ रहे हैं,वही आम रास्ते की कई रोड लाइटै बंद होने से अंधेरा छाया रहता है,इसके अलावा ग्रामीणों के अटके कार्य आज भी इंतजार कर रहे हैं,ग्राम पंचायत मे काफी समय से ग्रामीणों को महानरेगा,जीराम जी जेसी कई महत्वपूर्ण रोजगार संबंधित योजनाओ का लाभ भी नहीं मिल रहा है।

इन सभी सवालों पर प्रशासक ममता मुकेश जाट ने कहा राजनैतिक मतभेदो के चलते ग्राम पंचायत की वित्तीय लेनदेन आईडी वर्तमान नेताओं द्वारा बंद करवाई गई है,इसलिए विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं राजनीतिक दबाव के चलते सचिव भी ग्राम पंचायत में रुचि नहीं रख रहे हैं,नाहीं समय पर कार्यालय में बैठ पाते हैं,इस पूरे घटनाक्रम एवं छोटी राजनीति के चलते ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है,यहां सफाई व्यवस्था से लेकर विकास कार्य लोगों के कागजी कार्य पंचायत संबंधित सभी कार्य अटके हुए हैं,वही ग्रामीणों का कहना है राजनीति के लिए पंचायत के विकास को बाधित ना किया जाए।

# कार से 54 ग्राम से अधिक एमडीएमए जब्त, 3 गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़।** जिले के भादसोड़ा थाना पुलिस ने स्वीफ्ट कार में तस्करी की जा रही 54.28 ग्राम एमडीएमए पाउडर जब्त कर तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत एएसपी मुकुल शर्मा के निर्देशन एंव डीएसपी भदेसर विनोद कुमार के सुपरविजन में थानाधिकारी महेन्द्र सिंह द्वारा एएसआई अमीचन्द मीणा, हेड कांस्टेबल डालचन्द, बालुराम, विरेन्द्र सिंह, प्रकाश, रतनलाल, विनोद कुमार, भैरूलाल आदि के साथ चौराहे पर नाकाबन्दी की जा रही थी। इसी दौरान वहां आई एक स्वीफ्ट कार को रुकवाकर चेक किया गया, जिसमें सवार लोगों ने अपने नाम कालूराम (25) पिता रतनलाल सुथार निवासी उदलियास थाना गंगापुर जिला भीलवाड़ा, शिवलाल जाट (29) पिता नाथूलाल जाट निवासी जाटों का मोहल्ला डेलाना थाना गंगापुर और रवि कुमार (29) पिता सम्पत लाल सुथार निवासी चिखली कुण्ड नवसारी थाना चिखली जिला नवसारी गुजरात हाल खाखला तहसील साहड़ा थाना गंगापुर जिला भीलवाड़ा होना बताया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 54.28 ग्राम एमडीएमए मौली पाउडर मिला।

# शास्त्रीनगर में महिला से चेन स्नैचिंग की वारदात का पर्दाफाश कुंवारिया थाने का हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, सोने की चेन बरामद

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

कोतवाली थाना पुलिस ने शास्त्रीनगर में हुई महिला से चेन स्नैचिंग की वारदात का पर्दाफाश कर कुंवारिया थाने के हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है और सोने की चेन भी बरामद की है । आरोपी ने चलती स्कूटी पर महिला के गले से सोने की चेन झपटकर भाग निकला था और जिसके पास से बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल बरामद को है । मुख्य गिरफ्तार आरोपी रमेश चंद्र गाडरी (थाना कुंवारिया, जिला राजसमंद का हिस्ट्रीशीटर है । पुलिस ने पीड़िता की छीनी गई सोने की चेन (वजन करीब डेढ़ तोला) को भी बरामद करने में सफलता हासिल की है ।



## यह थी घटना

2 अप्रैल 2026, समय करीब रात्रि 08:15 बजे शास्त्रीनगर नाले और डेयरी के बीच पीड़िता श्वेता जैन पत्नी अभय सिंह चौधरी (उम्र 36 वर्ष), निवासी- सांगानेर रोड, भीलवाड़ा के साथ यह वारदात हुई थी । पीड़िता अपनी पुत्री के साथ स्कूटी से अपने पीहर शास्त्रीनगर से लौट रही थीं। इसी दौरान पीछे से आए दो मुंह बंधे पल्सर सवार बदमाशों ने उनके गले से करीब डेढ़ तोला वजनी सोने की चेन झपट ली और शास्त्रीनगर चौराहे की तरफ भाग गए । जिस पर महिला ने कोतवाली थाने में मामला दर्ज करवाया पुलिस ने जांच शुरू की।

## पुलिस टीम की कार्रवाई व रणनीति

बढ़ती चोरियों और स्नैचिंग की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए, जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के आदेशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन के सुपरविजन और वृत्ताधिकारी शहर सज्जन सिंह राठौड़ के नेतृत्व में कोतवाली थानाधिकारी की एक विशेष टीम का गठन किया गया।

## सफलता कैसे मिली?

पुलिस टीम ने पूर्व में गिरफ्तार आरोपी दीपक धाकड़ (उम्र 20 वर्ष, निवासी- नया बापूनगर/तेजा बिहार कॉलोनी, प्रतापनगर, भीलवाड़ा) से घटना में इस्तेमाल की गई बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की । आरोपी दीपक धाकड़ से मिली सूचना और पूछताछ के आधार पर, उसके साथी व शातिर हिस्ट्रीशीटर रमेश चंद्र गाडरी को न्यायालय के आदेश से जिला कारागृह भीलवाड़ा से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी रमेश चंद्र गाडरी के पास से लूटी गई सोने की चेन सफलतापूर्वक बरामद कर ली है।

## पुलिस टीम के सदस्य

इस वारदात का खुलासा करने वाली गठित टीम में हनुमान सिंह ( थानाधिकारी, कोतवाली भीलवाड़ा), जगराम (सहायक उप-निरीक्षक -एएसआई), ओमसिंह (कांस्टेबल नंबर 2031), रामकृष्ण (कांस्टेबल नंबर 2033)

## इसे किया गिरफ्तार

रमेश चन्द्र गाडरी पिता नाथूलाल गाडरी उम्र 29 साल निवासी लापसिया खेडा थाना कुवारिया जिला राजसमन्द हाल किरायेदार पटेलनगर थाना प्रतापनगर जिला भीलवाडा।

# मासूम बच्ची को लेकर युवती कुएं में कूदी, ग्रामीणों ने सकुशल निकाला

स्मार्ट हलचल

**मोड़ का निंबाहेड़ा।** आसींद थाना क्षेत्र के मोड़ का निंबाहेड़ा कस्बे में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। पारिवारिक विवाद और मानसिक तनाव के चलते एक युवती अपनी डेढ़ वर्षीय मासूम बेटी को लेकर खेत पर बने गहरे कुएं में कूद गई। हालांकि करीब चार घंटे तक मौत और जिंदगी से संघर्ष करने के बाद ग्रामीणों की तत्परता से मां-बेटी दोनों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया।

जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी हीरालाल माली की 23 वर्षीय पुत्री मंशा अपनी डेढ़ साल की बेटी हर्षिता के साथ 50 फीट गहरे कुएं में कूद गई। बताया जा रहा है कि कुएं में कूदने से पहले मंशा ने अपने व्हाट्सएप पर मौत से जुड़ा स्टेटस लगाया था। स्टेटस देखने के बाद परिजनों को चिंता हुई और वे उसकी तलाश में जुट गए।



खोजबीन के दौरान पिता हीरालाल माली खेत पर पहुंचे, जहां कुएं के बाहर बेटी की चप्पल दिखाई दी। अनहोनी की आशंका पर उन्होंने ग्रामीणों को बुलाया और कुएं में आवाज लगाई। इस दौरान अंदर से मंशा की आवाज सुनाई दी। ग्रामीण तत्काल रस्सियों के सहारे कुएं में उतरे तो देखा कि मंशा और उसकी मासूम बेटी कुएं के अंदर एक चट्टान को पकड़कर बैठी हुई थीं।

सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। स्थानीय पटवारी नारायण कुमावत भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद मां-बेटी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना के बाद दोनों को प्राथमिक उपचार दिलाया गया। मासूम हर्षिता को मामूली खरोंचें आई, जबकि कुएं में पानी कम होने से बड़ा हादसा टल गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंशा का ससुराल निकटवर्ती हरिपुरा गांव में है। उसका विवाह रतनलाल माली के साथ हुआ था। बताया जा रहा है कि पारिवारिक विवाद और सामाजिक पंचायत में हुए फैसले के बाद वह मानसिक तनाव में थी। मंशा ने आरोप लगाया कि पति और ससुराल पक्ष द्वारा लगातार प्रताड़ित किए जाने से वह अवसाद में आ गई थी। इसी तनाव के चलते उसने यह कदम उठाया। ग्रामीणों के अनुसार एक दिन पूर्व ही दोनों पक्षों के बीच समाज की पंचायत में समझौता हुआ था। आटा-साटा विवाह को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना रहा।

# अवैध बजरी खनन पर बड़लियास पुलिस की कार्यवाही, ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** बड़लियास थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सवाईपुर चौकी क्षेत्र के कंवलियास गांव के पास से कोठारी नदी से अवैध बजरी परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर ट्राली को जप्त कर थाने लाकर खड़ा किया । पुलिस ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के निर्देश पर जसवंत सिंह थाना प्रभारी के नेतृत्व में बुधवार को पुलिस ने अवैध बजरी खनन पर कार्रवाई करते हुए



कंवलियास गांव के पास कोठारी नदी से अवैध बजरी परिवहन करते पाए जाने पर एक ट्रैक्टर ट्राली को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया । इस कार्रवाई में एएसआई प्यार चंद खटीक, कांस्टेबल संदीप कुमार व नरेश कुमार शामिल रहे।

# शोक सभा में जा रहे दादा पोता की स्कूटी को लोडिंग टेंपो ने मारी टक्कर, दादा की मौत

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** नेशनल हाईवे 758 पर सुवाणा चौराहे पर को एक लोडिंग टेंपो ने स्कूटी सवार दादा पोता को टक्कर मार दी, जिसमें बुजुर्ग दादा की इलाज के दौरान मौत हो गई, सुचना पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया । सदर थाना एएसआई चेतन लाल ने बताया कि सुवाणा चौराहे पर बालाजी के पास विपरीत दिशा



में आ रहे एक लोडिंग टेंपो ने स्कूटी सवार दादा पोता को टक्कर मार दी । इस हादसे में कांदा निवासी भैरु लाल पिता जगन्नाथ जाट उम्र 75 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया, वही उनके पोते शिवराज को हल्की चोटें आई । गंभीर घायल दादा को लोगों ने जिला चिकित्सालय में पहुंचा, हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद घायल को उदयपुर रैफर किया गया, इसी दौरान बीच रास्ते में गंगापुर के पास भेरूलाल ने दम तोड़ दिया । जिनको पुनः जिला चिकित्सालय में लेकर आए, जहां पर बुधवार को सदर थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया ।।

मृतक भैरु लाल अपने पोते शिवराज के साथ कांदा गांव से स्कूटी पर सवार होकर सुवाणा गांव में शौक सभा में शामिल होने के लिए जा रहे थे, इसी दौरान सुवाणा चौराहे पर विपरीत दिशा से आये लोडिंग टेंपो ने टक्कर मार दी, इस हादसे में दादा की मौत हो गई, वही पाते को हल्की चोटें आई । जैसे ही भैरू लाल की मौत की खबर गांव में पहुंची तो घर में कोहराम मच गया और चीख-पुकार मच गई । बुधवार को गमहीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।

# ट्रेडिंग के नाम पर एसबीआई के पूर्व मैनेजर से 31.50 लाख की ठगी

## भीलवाड़ा साइबर पुलिस ने 20.85 लाख रुपये कराए रिफंड

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

ऑनलाइन ट्रेडिंग और निवेश में भारी मुनाफे का लालच देकर की जा रही साइबर ठगी के मामले में भीलवाड़ा पुलिस ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की है। साइबर थाना पुलिस ने जालसाजों का शिकार हुए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एक पूर्व मैनेजर के 20 लाख 85 हजार रुपये ठगों के खातों में होल्ड करवाकर, न्यायालय के आदेश से उनके खाते में वापस लौटाने (रिफंड) में बड़ी सफलता हासिल की है।

## क्या था पूरा मामला?

जानकारी के अनुसार, देवनारायण मंदिर के पास, सुभाष नगर (भीलवाड़ा) निवासी परिवादी भरत सिंह चुण्डावत पुत्र नंदसिंह चुण्डावत ने 1 अगस्त 2026 को नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (1930) पर शिकायत दर्ज कराई थी। परिवादी ने बताया कि अज्ञात साइबर अपराधियों ने उन्हें ऑनलाइन ट्रेडिंग और निवेश के जरिए मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया। ठगों के बुने जाल में फंसकर उन्होंने बताए गए विभिन्न बैंक खातों में कुल 31,50,000 रुपये जमा करवा दिए। जब उन्हें अपने साथ हुई इस भारी धोखाधड़ी का अहसास हुआ, तो उन्होंने तुरंत पुलिस की शरण ली।

लाखों रुपये की इस साइबर ठगी को गंभीरता से लेते हुए जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (आईपीएस) के निर्देश पर साइबर थाने में जांच शुरू की गई। साइबर थानाधिकारी आयुष क्षोत्रिय (आईपीएस प्रोबेशनर) के सुपरविजन में मामले की जांच कांस्टेबल बाबूलाल को सौंपी गई। पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए हृष्टक्क पोर्टल 1930 पर शिकायत को अपडेट किया और जिन खातों में पैसा गया था, उन बैंकों के नोडल अधिकारियों से तुरंत समन्वय स्थापित किया।

## न्यायालय के आदेश पर मिला रिफंड

पुलिस की इस त्वरित तकनीकी कार्रवाई के चलते ठगी गई कुल राशि 31.50 लाख रुपये में से 20,8 5,000 रुपये ठगों के खातों में होल्ड (फ्रीज) कर दिए गए, जिससे वे इस रकम को निकाल नहीं पाए। इसके बाद पुलिस ने विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय से परिवादी के बैंक खाते में राशि रिफंड कराने का आदेश प्राप्त किया और 20.85 लाख रुपये परिवादी भरत सिंह के खाते में सफलतापूर्वक वापस जमा करा दिए गए।

## कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम:

इस सराहनीय कार्य को अंजाम देने में थानाधिकारी आयुष क्षोत्रिय (आईपीएस प्रोबेशनर) और साइबर थाने के कांस्टेबल बाबूलाल की विशेष भूमिका रही।

# अंतर्राष्ट्रीय नगाड़ा वादक सौलंकी हारमोनी आईकॉन अवार्ड से सम्मानित

## सोलंकी पूर्व में भी कई जगह सम्मानित

स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त एवं राष्ट्रपति से सम्मानित पुष्कर के प्रसिद्ध नगाड़ा वादक नाथूलाल सौलंकी को दिल्ली में आयोजित हार्मनी डायलॉग्स 2026 कार्यक्रम में हारमोनी आईकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें भारतीय लोक संगीत और पारंपरिक नगाड़ा वादन कला को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम इवेंट एंड एंटरटेनमेंट मैनेजमेंट एसोसिएशन (ईईएमए) नॉर्थ की ओर से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य लाइव कलाकारों



को सशक्त बनाना और भारत की सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को मजबूती देना है। कार्यक्रम में बताया गया कि ईईएमए आर्टिस्ट कमेटी द्वारा तैयार यह मंच भारत के इवेंट और एंटरटेनमेंट उद्योग में रचनात्मक सहयोग और नए व्यावसायिक अवसरों को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है। सम्मेलन में देशभर से गायक, लोक कलाकार, डीजे, कोरियोग्राफर, एंकर, थिएटर कलाकार और इल्यूजनिस्ट शामिल हुए।

# 1 जून से राजस्थान में बड़े पैमाने पर सरकारी कर्मचारियों के तबादले बैन हटाने की तैयारी, सीएम भजनलाल शर्मा लेंगे अंतिम फैसला

स्मार्ट हलचल | जयपुर

राजस्थान के हजारों सरकारी कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर है। सूत्रों के अनुसार, राज्य सरकार 1 जून 2026 से कर्मचारियों और अधिकारियों के तबादलों पर लगा प्रतिबंध हटाने की तैयारी कर रही है। विभिन्न विभागों खासकर शिक्षा, चिकित्सा, कृषि आदि में बड़े पैमाने पर ट्रांसफर प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विधायकों और मंत्रियों के लगातार आग्रह पर इस मामले में अंतिम निर्णय लेंगे। सूत्र बताते हैं कि स्थानीय निकाय चुनाव और राज चुनाव को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों को उनके पसंदीदा



क्षेत्रों में भेजकर उनका मनोबल बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे सरकार की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में भी मदद मिलेगी।पिछले साल जनवरी में राज्य कर्मचारियों की आखिरी बड़ी तबादला सूची जारी हुई थी। उसके बाद से कर्मचारी तबादलों का इंतजार कर रहे थे। मंत्रियों और विधायकों के यहां रोजाना डिजायर और आवेदनों की भारी भीड़ लग रही है। शिक्षा विभाग में तृतीय श्रेणी शिक्षकों को छोड़कर अन्य श्रेणियों के तबादलों की मांग सबसे ज्यादा है।मुख्य बातें:प्रक्रिया पारदर्शी और ऑनलाइन रखने की तैयारी।

बड़े विभागों (शिक्षा, मेडिकल, एग्रीकल्चर आदि) में हजारों कर्मचारियों के ट्रांसफर संभव।

जनगणना के चल रहे कार्य को देखते हुए कुछ विभागों में सावधानी बरती जा सकती है।

कर्मचारियों में हलचल तेजः कई जयपुर पहुंचकर डिजायर फाइल करा रहे हैं। सरकार का मानना है कि कर्मचारियों को उचित स्थान मिलने से प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी। आधिकारिक आदेशजारी होते ही पूरी प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

नोटः यह सूत्रों पर आधारित खबर है। आधिकारिक पुष्टि के बाद विस्तृत आदेश जारी किए जाएंगे।

# महिला कांस्टेबल से दुष्कर्म का आरोपी सिपाही बर्खास्त

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** अजमेर में महिला कांस्टेबल से दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और लाखों रुपए की ठगी के गंभीर आरोपों में फरार चल रहे निलंबित पुलिस कांस्टेबल मुकेश सारण को पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने सेवा से बर्खास्त कर दिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया है। पुलिस ने आमजन से आरोपी की सूचना देने की अपील की है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और उसे पुरस्कार भी दिया जाएगा।

एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला ने बताया कि मामला बेहद गंभीर प्रकृति का है। आरोपी सिपाही मुकदमा दर्ज होने के बाद से



लगातार फरार चल रहा है और निलंबन के बाद से ड्यूटी पर भी उपस्थित नहीं हुआ। ऐसे में विभागीय कार्रवाई करते हुए उसे पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। मामले की जांच सीओ नॉर्थ शिवम जोशी कर रहे हैं और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

## 2018 से शुरू हुआ शोषण

पीड़ित महिला कांस्टेबल ने गत 6 मई को मामला दर्ज करवाया था। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2018 में डीएसटी में तैनात आरोपी कांस्टेबल मुकेश सारण ने पहले विश्वास जीतकर उसके निजी जीवन में दखल देना शुरू किया। आरोप है कि आरोपी ने अपनी बहन के सरकारी आवास पर महिला कांस्टेबल को नशीला पदार्थ पिलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी अश्लील फोटो और वीडियो के जरिए उसे लगातार ब्लैकमेल करता रहा।

## 28 लाख रुपए ऐंठे, लोन लेकर खरीदी कार

महिला कांस्टेबल ने आरोप लगाया कि आरोपी ने वर्ष 2020 से 2025 के बीच उससे करीब 28 लाख रुपए वसूले। आरोपी ने उसके नाम पर लोन उठवाकर कार खरीदी और प्रॉपर्टी में निवेश के नाम पर भी लाखों रुपए हड़प लिए। इतना ही नहीं आरोपी और उसके परिजनों पर महिला के सोने के गहने बैंक में गिरवी रख गोल्ड लोन लेने के आरोप भी लगे हैं।

## नाबालिग बेटे के सामने अश्लील हरकतों के आरोप

रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया गया कि आरोपी ने महिला कांस्टेबल का गर्भपात करवाया। साथ ही नशे की हालत में उसके घर पहुंचकर नाबालिग बेटे के सामने अश्लील हरकतें कीं। मामले में पुलिस ने आरोपी मुकेश सारण के अलावा उसकी बहन, भाई, पत्नी और जीजा सहित अन्य लोगों के खिलाफ भी पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है और उसके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।

# 5 दिन में दूसरी बार झटका; राजस्थान में पेट्रोल 110 के पार, आमजन पर महंगाई का अतिरिक्त बोझजयपुर, 20 मई 2026

स्मार्ट हलचल | जयपुर

पेट्रोलियम कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर इजाफा कर दिया है। यह एक ही हफ्ते के अंदर दूसरी बड़ी बढ़ोतरी है। राजस्थान में पेट्रोल की औसत कीमत 110.21 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है, जबकि जयपुर में पेट्रोल 108.91 रुपये और डीजल 94.14 रुपये प्रति लीटर हो गया है।पेट्रोल में करीब 94 पैसे और डीजल में 91 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। इससे पहले 15 मई को पेट्रोल-डीजल के दामों में 3 रुपये प्रति लीटर की भारी बढ़ोतरी हुई थी। दोनों बढ़ोत्तरियों को मिलाकर पेट्रोल करीब 4 रुपये और डीजल करीब 4 रुपये महंगा हो चुका है।विभिन्न शहरों में नई कीमतें (19-20 मई 2026 के अनुसार):जयपुरः पेट्रोल रूपये108.91, डीजल रूपये94.14 श्रीगंगानगर/हनुमानगढ़ः पेट्रोल रूपये110.40 उदयपुरः पेट्रोल रूपये109.73 जोधपुरः पेट्रोल रूपये108.73 अजमेरः पेट्रोल रूपये108.55 बाड़मेर/जैसलमेरः पेट्रोल रूपये110 के आसपास

## बढ़ोतरी का कारण

विशेषज्ञों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी मुख्य वजह है। पश्चिम एशिया (ईरान-अमेरिका तनाव) के कारण क्रूड ऑयल 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है। तेल कंपनियां लगातार घाटे में चल रही थीं, जिसकी भरपाई अब उपभोक्ताओं पर पड़ रही है।आमजन और अर्थव्यवस्था पर असर परिवहन क्षेत्र (ट्रक, टैक्सी, ऑटो) सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। मालभाड़ा और यात्री किराए में बढ़ोतरी की संभावना है। फल-सब्जी, दूध, राशन और अन्य रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतें बढ़ सकती हैं। गर्मी के मौसम में यात्रा और माल ढुलाई पर अतिरिक्त बोझ। छोटे व्यापारी, डिलीवरी कार्यकर्ता और मध्यम वर्गीय परिवारों का बजट बिगड़ने की आशंका।

जयपुर के पेट्रोल पंपों पर मंगलवार सुबह से ही वाहन चालकों की भीड़ देखी गई। कई लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई के बीच ईंधन की कीमतों में इजाफा उनके घरेलू बजट को और कमजोर कर रहा है।ट्रांसपोर्ट संघों ने संकेत दिया है कि यदि कीमतें और बढ़ीं तो वे किराया बढ़ाने पर मजबूर हो सकते हैं।सरकारी पक्ष

अभी तक केंद्र या राज्य सरकार की ओर से कोई राहत पैकेज या सब्सिडी की घोषणा नहीं हुई है। राजस्थान पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन का कहना है कि कीमतें डिपो दूरी और स्थानीय टैक्स के आधार पर अलग-अलग होती हैं।नोटः ईंधन की कीमतें प्रतिदिन सुबह 6 बजे अपडेट होती हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार की स्थिति पर आगे भी उतार-चढ़ाव संभव है।

11 हजार वोल्ट की लाइन बनी जानलेवा खतरा

# शकरगढ़ के बाजार और मकानों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन, विद्युत सुरक्षा नियमों की खुली अनदेखी

स्मार्ट हलचल

**शकरगढ़ (भीलवाड़ा)।** शकरगढ़ गांव के मुख्य बाजार और रिहायशी क्षेत्र के ऊपर से गुजर रही 11,000 वोल्ट (11 केवी) की हाईटेंशन विद्युत लाइन ग्रामीणों के लिए लगातार खतरे का कारण बनी हुई है। नंगे तार बाजार के बीचों-बीच तथा मकानों के अत्यंत निकट से गुजर रहे हैं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस गंभीर समस्या की शिकायत कई बार संबंधित बिजली विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।



### बाजार के ऊपर मंडरा रहा मौत का साया

मुख्य बाजार में प्रतिदिन सैकड़ों लोग, दुकानदार, महिलाएं और बच्चे आवाजाही करते हैं। ऐसे संवेदनशील क्षेत्र के ऊपर 11 केवी की हाईटेंशन लाइन बिना पर्याप्त सुरक्षा के गुजरना सीधे तौर पर जनजीवन को जोखिम में डाल रहा है।

### मकान से सटकर गुजर रही लाइन, लोहे की रॉड से और बढ़ा खतरा

दूसरी तस्वीर में एक मकान के समीप लोहे की रॉड लगाकर तार निकाले गए हैं। हाईटेंशन लाइन के पास लोहे की संरचना होने से करंट फैलने, शॉर्ट सर्किट, आग लगने और जानलेवा दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ जाती है।

### विद्युत सुरक्षा नियमों का उल्लंघन

हाईटेंशन (11 केवी) लाइनों और भवनों के बीच निर्धारित सुरक्षित दूरी बनाए रखना अनिवार्य है। किसी भवन, बालकनी या लोहे की संरचना के अत्यधिक निकट विद्युत लाइन नहीं गुजर सकती। सार्वजनिक स्थानों और बाजार क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुरक्षित होना आवश्यक है। संभावित खतरे की सूचना मिलने पर वितरण कंपनी का दायित्व है कि वह तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करे। इन नियमों की अनदेखी को गंभीर प्रशासनिक लापरवाही माना जाता है।

### शिकायतें हुईं, कार्रवाई नहीं

ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार मौखिक और लिखित शिकायतें देने के बावजूद विभागीय अधिकारी समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। लोगों का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है मानो विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा हो। यदि कल किसी बच्चे, दुकानदार या राहगीर की करंट लगने से मृत्यु हो जाती है, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? बिजली विभाग, संबंधित अधिकारी या स्थानीय प्रशासन?

### ग्रामीणों की प्रमुख मांगें

बाजार और मकानों के ऊपर से गुजर रही 11 केवी लाइन को तत्काल सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए। भवनों के निकट गुजर रहे तारों को विद्युत सुरक्षा मानकों के अनुसार हटाया जाए। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। संभावित हादसे से पहले स्थायी समाधान किया जाए।

### प्रशासन से चेतावनी

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड तथा संबंधित अधिकारियों से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई और कोई दुर्घटना होती है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग और प्रशासन की होगी।

# ऑनलाइन दवाओं के खिलाफ सड़कों पर उतरे केमिस्ट



## जहाजपुर में मेडिकल स्टोर रहे बंद

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** ई-फार्मेसी के विरोध में बुधवार को जहाजपुर कस्बे का दवा बाजार पूरी तरह बंद रहा। भारतीय दवा विक्रेता संघ एवं राजस्थान केमिस्ट एलायंस के आह्वान पर तहसील क्षेत्र के सभी मेडिकल स्टोर बंद रखकर दवा विक्रेताओं ने सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। भीलवाड़ा जिला केमिस्ट एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष प्रमेन्द्र सुवालका ने बताया कि कोरोना काल में मरीजों तक दवाओं की आपूर्ति बनाए रखने के लिए ई-फार्मेसी को अस्थायी रूप से अनुमति दी गई थी, लेकिन महामारी समाप्त होने के वर्षों बाद भी यह व्यवस्था जारी है। उनका कहना है कि कई ऑनलाइन दवा कंपनियां बिना सख्त नियमन और स्पष्ट गाइडलाइन के काम कर रही हैं।

केमिस्ट संगठनों का आरोप है कि ई-फार्मेसी प्लेटफॉर्म भारी छूट देकर पारंपरिक मेडिकल व्यापार को नुकसान पहुंचा रहे हैं। साथ ही बिना पर्याप्त निगरानी के दवाओं की ऑनलाइन बिक्री आम लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन सकती है। दवा विक्रेताओं ने सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियम लागू करने और पारंपरिक मेडिकल व्यवसाय की सुरक्षा की मांग की। बंद के दौरान जहाजपुर कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में अधिकांश मेडिकल स्टोर बंद रहे।

सांसद अग्रवाल के प्रयास रंग लाए

# रामधाम रेल्वे ओवर ब्रिज को अंतिम मंजूरी मिलकर 116 करोड़ की स्वीकृति मिली

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

सांसद दामोदर अग्रवाल के प्रयासों से रामधाम रेल्वे ओवर ब्रिज को रेल्वे बोर्ड ने फाइनल मंजूरी दे दी है। भीलवाड़ा शहर को बहुत ही जल्द एक ट्रैफिक जाम की समस्याओं से निजात दिलाने वाला नया ब्रिज मिलने जा रहा है जिससे शहर के विकास को पंख लगेंगे।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल के अथक प्रयासों से रेलवे बोर्ड ने रामधाम आरओबी को लगभग व116 करोड़ की राशि स्वीकृत करते हुए फाइनल मंजूरी जारी की ।

शहर की सबसे बड़ी ट्रैफिक समस्याओं में से एक फाटक पर लगने वाला जाम से जल्दी भीलवाड़ा वासियों को स्थाई मुक्ति मिलेगी।

चित्तौड़ रोड पर रामधाम के पास बनने वाले रेलवे और ब्रिज को आखिरकार स्वीकृति मिल गई है रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने स्वयं लोकसभा सचेतक एवं भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल को इसकी जानकारी दी अब इस 116 करोड़ की लागत के बहूप्रतिशत प्रोजेक्ट के धरातल पर उतरने का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है सांसद अग्रवाल ने बताया कि रेलवे की और से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट डीपीआर लागत का पूरा आकलन पहले से तैयार किया जा चुका है लगभग 750 मीटर लंबे आरोपी पर 116 करोड़ में खर्च होने का अनुमान है ।रेलवे बोर्ड की हरी झंडी मिलने के बाद अब वित्तीय और टेंडर प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा किया जा रहा है ताकि तय समय पर काम शुरू किया जा सके सांसद अग्रवाल ने बताया कि अगले 6 माह में इस बड़े प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है ।कॉलम बेस पर टिकेगा पुल । ब्रिज के निर्माण में आधुनिक इंजीनियरिंग का उपयोग किया जाएगा।



परंपरागत रूप से रेलवे लाइनों के ऊपर बनने वाले फूलों में लोहे के गार्डर और भारी स्ट्रक्चर का उपयोग किया जाता है लेकिन रामधाम आरओबी को लोहे की बजाय पूरी तरह कोलंम बेस पर बनाया जाएगा कोलंम बेस होने से न केवल पुल की उम्र लंबी होगी साथ ही नीचे की तरफ ट्रैफिक संचालन के लिए पर्याप्त जगह और विजिबिलिटी भी बनी रहेगी।

### एच शेप डिजाइन में बनेगा ब्रिज

रेलवे मेंबर प्रेम स्वरूप गर्ग ने बताया कि इस रेलवे ओवर ब्रिज की सबसे बड़ी खासियत इसका अनोखा डिजाइन है रेलवे बोर्ड ने इसकी दोनों साइड एच शेप में 750 मीटर लंबा पुल बनाने की विशेष मंजूरी दी है पुल 280 मीटर दोनों तरफ से चढ़ेगा । पुल द्विमार्गी होगा । सेंटर का भाग लगभग 20 मीटर चौड़ा होगा।। राम राम क्षेत्र में सड़कों की चौड़ाई और कनेक्टिविटी को देखते हुए यह डिजाइन उत्तम माना गया है ।

एच शेप् डिजाइन से फाटक बंद होने की स्थिति में जो वाहनों की लंबी लाइने लगती थी वह पूरी तरह से खत्म हो जाएगी इस और ब्रिज के बनने से न केवल भीलवाड़ा शहर का ट्रैफिक ढांचा सुधरेगा बल्कि शहर के इन्फ्रास्ट्रक्चर को और एक नया और आधुनिक लुक भी मिलेगा।

# एकीकृत महासंघ भीलवाड़ा ने लंबित मांगो को लेकर दिया ज्ञापन

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौर के आव्हान पर भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट के नेतृत्व मे कर्मचारियों की लंबीत मांगों पर सरकार के संवेदनहीन रवेये के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम जिलाध्यक्ष कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन दिया गया । महासंघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अमित व्यास ने बताया की आंदोलन को लेकर महासंघ को विभिन्न कर्मचारी संगठनो का समर्थन प्राप्त है, आगे अमित व्यास ने बताया की कर्मचारियों को लंबित मांगों को लेकर विभिन्न कर्मचारी संगठनों की संयुक्त बैठक में कर्मचारियों की वाजिब मांगों पर सरकार के संवेदनहीन रवेये पर रोष व्यक्त करते हुए सर्वसम्मति से प्रदेशव्यापी आंदोलन का निर्णय लिया गया है, पिछले डेढ़ माह से कर्मचारियों की वेतन से पैसों की कटौती के बाद भी निजी अस्पतालों में आर जी एच एस सुविधा ठप पड़ी है गंभीर बीमारियों से जूझ रहे कर्मचारियों और पेंशनर इलाज के लिए दर-दर भटक रहे हैं वित्तीय वर्ष बीत जाने के बाद भी समर्पित अवकाश का नगद भुगतान नहीं हुआ, वोकेशनल प्रशिक्षको की लंबित मांगे हरियाणा मॉडल लागू करना लंबे समय से नहीं मानी जा रही है,महात्मा गाँधी अस्पताल मे लगे कम्प्यूटर कर्मियों को सी अस आर मे शामिल करने, मेडिकल कॉलेज नर्सेंज का बकाया वेतन दिलवाने इन्ही मांगो को लेकर बुधवार अतिरिक्त जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया साथ ही चेतावनी दीं की मांगे नहीं मानने पर प्रतिदिन 1 घंटे का सांकेतिक प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराएंगे महासंघ ने चेतावनी दी है कि इसके बाद भी सकारात्मक कदम नहीं उठा तो प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन और कार्य बहिष्कार की घोषणा की जाएगी, इस दौरान करण सिंह, ललित जीनगर, दिनेश खटीक, विनोद सोनी, पवन सेन, व्यावसायिक शिक्षक मुरलीधर शर्मा, आशीष सोनी, धनराज प्रजापत, श्री राम साहू, गोपाल व्यास आदि मौजूद रहे।



## लापरवाही की चिंगारी से भड़क सकती थी आग...



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

यह नजारा बुधवार सुबह रोडवेज डिपो के सामने स्थित एचआरजे सेंटर के बाहर से लिया गया है, जहां नाले में जमा कचरे से जबरदस्त लपटें उठ रही थी । इस चिंगारी के पीछे लापरवाही किसकी रही, ये जानकारी नहीं मिल पाई। लेकिन लापरवाही की उठी इस चिंगारी से पास में खड़े वाहनों को अपनी चपेट में लेकर विकराल रूप ले सकती थी । गत् दिनों नेहरू रोड पर हुई घटना के दौरान भी खड़ी एक कार के पास कचरा जला दिए जाने से कार जलकर खाक हो गई थी।

# जहाजपुर विधानसभा के किसान बिजली कनेक्शन को तरसे, डेढ़ साल बाद भी नहीं लगे ट्रांसफार्मर


### डिमांड राशि जमा, खंभे खड़े... फिर भी अंधेरे में किसान

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों किसान इन दिनों कृषि विद्युत कनेक्शन की भारी समस्या से जूझ रहे हैं। किसानों का आरोप है कि उन्होंने करीब 1 से डेढ़ साल पहले कृषि कनेक्शन के लिए विभाग में डिमांड राशि जमा करवा दी, कई स्थानों पर बिजली के खंभे भी खड़े कर दिए गए, लेकिन आज दिन तक ट्रांसफार्मर नहीं लगाए गए और ना ही कनेक्शन चालू हुए।

क्षेत्र के किसानों का कहना है कि समय पर कृषि कनेक्शन नहीं मिलने से खेती पूरी तरह प्रभावित हो रही है। किसान महंगे डीजल पंपों के सहारे सिंचाई करने को मजबूर हैं, जिससे लागत लगातार बढ़ रही है। कई किसानों ने बैंक से ऋण लेकर खेतों में कुएं और बोरिंग करवाए, लेकिन बिजली कनेक्शन के अभाव में सब बेकार साबित हो रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि विभागीय कार्यालयों के चक्कर काट-काटकर किसान परेशान हो चुके हैं, लेकिन हर बार केवल 'ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं हैं' कहकर मामला टाल दिया जाता है। किसानों का आरोप है कि विभाग की धीमी कार्यशैली के कारण कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं और सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिल पा रहा।




किसानों ने जहाजपुर विधायक से मांग की है कि वे इस गंभीर समस्या पर तुरंत संज्ञान लें और ऊर्जा विभाग के उच्च अधिकारियों से वार्ता कर विधानसभा क्षेत्र में पर्याप्त ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाएं, ताकि लंबे समय से लंबित कृषि कनेक्शन जल्द शुरू हो सकें।

क्षेत्र के किसानों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। अब देखना यह होगा कि किसानों की इस पीड़ा पर जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार अधिकारी कब जागते हैं।

# भीषण गर्मी में बूंद-बूंद को तरसे लोग, बाकरा पंचायत में दर्जनों हैंडपंप खराब

### जलदाय विभाग और ग्राम पंचायत की लापरवाही से ग्रामीण परेशान, 15 दिन से बंद पड़ा माता मंदिर मोहल्ले का हैंडपंप

स्मार्ट हलचल

भीषण गर्मी के दौर में ग्राम पंचायत बाकरा क्षेत्र के ग्रामीण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। पंचायत क्षेत्र में दर्जनों हैंडपंप खराब पड़े होने के बावजूद जलदाय विभाग और ग्राम पंचायत द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से लोगों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी समस्या समाधान की बजाय आंखें मूंदे बैठे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि माता मंदिर मोहल्ले में पिछले करीब 15 दिनों से हैंडपंप खराब पड़ा है, जिससे मोहल्लेवासियों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। वहीं पशु चिकित्सालय के पास, श्मशान घाट क्षेत्र, राजपूत मोहल्ला तथा हीरालाल मेघवंशी के मकान के पास सहित पंचायत क्षेत्र के कई स्थानों पर लगे हैंडपंप भी खराब पड़े हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है, लेकिन विभागीय अधिकारी केवल कागजी खानापूर्ति में लगे हैं। समय रहते हैंडपंपों की मरम्मत नहीं होने से आमजन के साथ पशुओं को भी पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है।



ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि खराब पड़े सभी हैंडपंपों को तत्काल ठीक करवाया जाए तथा लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## एसडीएम ने किया जनगणना के फील्ड कार्यों का निरीक्षण

**चित्तौड़गढ़।** उपखंड अधिकारी बीनू देवल ने बुधवार को जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत संचालित फील्ड कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्यों की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी ने कहा कि जनगणना किसी भी राष्ट्र में योजनाओं के निर्माण एवं प्रभावी क्रियान्वयन का महत्वपूर्ण आधार होती है। अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में आंकड़ों की शुद्धता की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि इस बार जनगणना पूर्णतः डिजिटल एवं आधुनिक तकनीक आधारित स्वरूप में संपादित की जाएगी।

# गोपालपुरा में पिछले 6 दिनों से जलापूर्ति नहीं होने के चलते ग्रामीण परेशान

## संबंधित अधिकारी को शिकायत करने पर झाड़ लेते हैं- पल्ला

स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** बिजोलिया उपखंड क्षेत्र के गोपालपुरा गांव में पिछले 6 दिनों से जल सप्लाई नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 6 दिनो पूर्व जल सप्लाई हुई थी जिसमें केवल दो बाल्टी पानी लोगों के घरों में आया है युक्त पानी पीने के लिए भी पर्याप्त नहीं है वहीं लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने पर भी जलापूर्ति समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। समय पर जलापूर्ति नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।



चंबल पेयजल परियोजना के सहायक अभियंता अशोक सोनी का कहना है कि - फॉल्ट आ जाने के कारण जल सप्लाई बाधित हुई है जिसे आज या कल में ठीक करके जल सप्लाई पुनः सुचारू रूप से चालू कर दी जाएगी।

# हमीरगढ़ मंदिर चोरी का खुलासा और 15 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

जिला पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह के निर्देशानुसार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री पारस जैन के निर्देशन में भीलवाड़ा पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने हमीरगढ़ के प्रसिद्ध चामुंडा माता मंदिर में हुई चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 16 तोला सोना और 1 किलो चांदी बरामद की है। वहीं, सुभाषनगर थाना पुलिस ने 15,000 के इनामी और आदतन अपराधी मांगीलाल जाट को दबोचने में कामयाबी हासिल की है।

कार्रवाई 1: चामुंडा माता मंदिर में 15 माह पूर्व हुई चोरी का पर्दाफाश

हमीरगढ़ थाना पुलिस ने चामुंडा माता मंदिर में करीब 15 महीने पहले हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### मामले का संक्षिप्त विवरण

दिनांक 11.02.2025 को मंदिर के पुजारी श्री पूरण माली (निवासी बस स्टैंड, हमीरगढ़) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 10-11 फरवरी 2025 की रात अज्ञात चोरों ने मंदिर के गेट का ताला तोड़कर माताजी की मूर्ति का श्रृंगार (550 ग्राम सोना, 5 किलो 150 ग्राम चांदी) और दानपात्र चुरा लिया था।



### तरीका-ए-वारदात

आरोपी दिन के समय एकांत में स्थित समृद्ध मंदिरों की रेकी करते थे। रात के समय सीसीटीवी कैमरों से बचते हुए सुनसान रास्तों से वारदात को अंजाम देते थे। पहचान छुपाने के लिए वारदात के समय अपने मोबाइल फोन बंद रखते थे और जाते-जाते सीसीटीवी की छड्डं भी साथ ले जाते थे।

### पुलिस का प्रयास व बरामदगी

घटनास्थल के पीछे जंगल होने और तकनीकी साक्ष्य न होने के कारण हेड कांस्टेबल विशम्बर दयाल व टीम ने पारंपरिक पुलिसिंग और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों को ट्रेस किया।

बरामदगीः आरोपियों के हिस्से में आया करीब 16 तोला सोने के जेवरात और 1 किलो चांदी का छत्र बरामद किया गया।

### गिरफ्तार आरोपीः

ज्ञानदास पिता गोपीदास कामड़ (उम्र 26 वर्ष), निवासी पलाना कला, थाना घासा (उदयपुर)

घनश्याम पुत्र उदयराम नायक (उम्र 32 वर्ष), निवासी फेमडिया खेड़ा, थाना सदर निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़) विशेष टीम (हमीरगढ़ थाना) सुनील कुमार बेड़ा (थानाधिकारी), विकास यादव (सउनि), विशम्बर दयाल, राहुल शर्मा, कानि. दिनेश कुमार, कानि. बलबीर सिंह, कानि. बलबीर सिंह ढाका, और कानि. कृष्ण कुमार।

कार्रवाई 2: 15,000 का इनामी बदमाश मांगीलाल जाट गिरफ्तार

सुभाषनगर थाना पुलिस ने अवैध खनन और अन्य गंभीर धाराओं में लंबे समय से फरार चल रहे 15,000 के इनामी आरोपी मांगीलाल जाट को अथक प्रयासों के बाद डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार आरोपीः मांगीलाल पिता नारायण जाट, निवासी आरजीया जाटों का खेड़ा, थाना मांडल (भीलवाड़ा)।

आरोपी मांगीलाल का लंबा आपराधिक रिकॉर्ड (जैर ट्रायल मामले):

गिरफ्तार आरोपी मांगीलाल एक शातिर और आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ विभिन्न थानों में कई गंभीर मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं।

# एनएसयूआई राजस्थान में रिद्दम शर्मा बने प्रदेश सचिव

स्मार्ट हलचल | कोटा

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठनराजस्थान ने संगठन विस्तार और छात्र हितों को मजबूती देने की दिशा में कोटा के सक्रिय छात्र नेता रिदम शर्मा को प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। संगठन महासचिव मुकेश नराणियां द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार यह नियुक्ति की गई।

रिद्दम शर्मा ने छात्र हितों से जुड़े विभिन्न आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाई। हिंदी मीडियम विद्यालयों को बंद होने से बचाने, विद्यार्थियों के बस पास संबंधी समस्याओं, महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को आने वाली परेशानियों तथा जर्जर भवनों के मुद्दों को लेकर उन्होंने लगातार आवाज उठाई। छात्रसंघ चुनावों की पुनर्बहाली की मांग को लेकर रिद्दम शर्मा ने जयपुर से दिल्ली तक आंदोलनों में भागीदारी निभाई।



### राजस्थान को तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम में विश्व स्तर पर मिला प्रथम सम्मान

# सरकार की जनस्वास्थ्य को लेकर प्रतिबद्धता का परिणाम यह सम्मान- मुख्यमंत्री शर्मा

## डब्ल्यूएचओ ने राजस्थान के उत्कृष्ट प्रयासों को सराहा

स्मार्ट हलचल | राजसमन्द

राजस्थान ने तम्बाकू नियंत्रण के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा वर्ष 2026 के 'वर्ल्ड नो टोबैको डे अवॉर्ड' के तहत राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य के लिए विश्व स्तरीय सम्मान प्रदान किया गया है। दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में राजस्थान को यह प्रतिष्ठित सम्मान डब्ल्यूएचओ द्वारा वर्ष 2025-26 में तम्बाकू नियंत्रण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के आधार पर दिया गया है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान राज्य सरकार की जनस्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता, प्रभावी नीतियों तथा तम्बाकू मुक्त राजस्थान के संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन विशेषकर युवाओं को तम्बाकू के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। यह सम्मान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन, चिकित्सा कर्मियों एवं सामाजिक संगठनों के सामूहिक प्रयासों का प्रतिफल है।

### राजस्थान बना तम्बाकू मुक्ति का मॉडल - चिकित्सा मंत्री

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि राजस्थान ने तम्बाकू नियंत्रण के क्षेत्र में देशभर में एक मॉडल स्थापित किया है। राज्य में तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श सेवाओं का व्यापक विस्तार किया गया है,



जिसका लाखों लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भविष्य में भी जनजागरूकता और प्रभावी कानून प्रवर्तन के माध्यम से तम्बाकू नियंत्रण अभियान को और मजबूत करेगी।

### प्रदेश में 500 से अधिक तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श केंद्र संचालित

राज्य में ब्लॉक स्तर तक 500 से अधिक तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों को जियो-टैग कर आमजन की सुविधा के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया गया है ताकि जरूरतमंद व्यक्ति निकटतम केंद्र तक आसानी से पहुंच सके। साथ ही, 'सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003' तथा 'इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम-2019' के तहत प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की गई।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तम्बाकू निषेध से जुड़े 60 हजार से अधिक संदेश अपडेट्स, शेयरिंग कर व्यापक स्तर पर अभियान चलाए गए। राज्य के 83 हजार से अधिक विद्यालयों में 'तम्बाकू मुक्त विद्यालय' संबंधी निर्देशों की पालना सुनिश्चित कराई गई तथा लगभग 2 लाख 55 हजार जनजागरूकता गतिविधियां जैसे नुक्कड़ नाटक, प्रतियोगिताएं एवं रैलियां आदि का आयोजन किया गया। तम्बाकू मुक्त ग्राम अभियान को भी प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है तथा इसे आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना से जोड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

### साउथ एशिया में राजस्थान सबसे ऊपर

उल्लेखनीय है कि डब्ल्यूएचओ द्वारा विश्वभर के देशों को 6 रीजन्स यथा अफ्रीकन रीजन, रीजन आफ अमेरिकाज, ईस्टर्न मेडिटेरेनियन रीजन, यूरोपियन रीजन, साउथ एशिया रीजन एवं वेस्टर्न पेसिफिक रीजन में विभाजित कर यह अवार्ड दिया जाता है। डब्ल्यूएचओ द्वारा जारी 'वर्ल्ड नो टोबैको डे 2026 अवॉर्ड' सूची में राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

सीएमएचओ एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने राज्य सरकार के निर्देशो पर जिले में तम्बाकू मुक्त राजसमन्द अभियान के प्रभावी व सूचारू संचालन के लिये जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, पंचायतीराज एवं स्थानिय निकायो सहित गांव स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आशा सहयोगिनीयों का आभार व्यक्त किया तथा समाजसेवीयों व स्वयंसेवी संस्थाओं से तम्बाकू मुक्त राजसमन्द अभियान में नियमित सहभागिता एवं सहयोग की अपील की।

## भीलवाड़ा टेक्सटाइल ट्रेड फेडरेशन की एजीएम 24 को, केंद्रीय मंत्री मेघवाल आएंगे

स्मार्ट हलचल


**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा टेक्सटाइल ट्रेड फेडरेशन की वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) 24 मई को सुबह 11 बजे रीको ग्रॉथ सेंटर स्थित डरेशन भवन होगी। केंद्रीय कानून एवं न्याय तथा संसदीय कार्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल मुख्य अतिथि होंगे। मेघवाल फेडरेशन की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाएंगे। फेडरेशन के हाल ही हुए द्विवार्षिक चुनाव में अध्यक्ष, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष के चुनाव कराए गए। लोकसभा सचेतक एवं सांसद दामोदर अग्रवाल पुन अध्यक्ष, युवा उद्यमी अंकित शर्मा महासचिव एवं जायंट्स ग्रुप ऑफ भीलवाड़ा स्मार्ट सिटी अध्यक्ष मदन गोपाल कालरा कोषाध्यक्ष पद पर चुने गए। फेडरेशन अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल ने पूर्ण कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की। कार्यकारी अध्यक्ष आरसीएम ग्रुप के चेयरमैन तिलोकचंद छाबड़ा होंगे। प्रेमस्वरूप गर्ग को पुन वरिष्ठ उपाध्यक्ष को बनाया गया। इसी तरह उपाध्यक्ष गजानंद बजाज, योगेश लढा, सुरेश पोद्दार, सुनील मेहता, ललित पोरवाल, अनिल अग्रवाल (सिद्धि), सचिव मुकेश अग्रवाल, सह सचिव अशोक लोहिया एवं गठन सचिव सुरेश जाजू नियुक्त किए गए। कुल 41 सदस्यों की कार्यकारिणी में से इन पदाधिकारियों के अलावा 28 कार्यकारिणी सदस्यों का भी मनोनीत किया गया। कार्यकारिणी सदस्य वस्त्र उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करेंगे। वे कार्य योजनाओं में अपनी राय रख सकेंगे। फेडरेशन अध्यक्ष अग्रवाल ने बताया कि केंद्रीय मंत्री मेघवाल के सामने वस्त्र उद्योग के तेजी से विकास में आ रही समस्याओं एवं उनके समाधान के विषय भी उठाए जाएंगे।

## तालेड़ा क्षेत्र में फ्लेमिंगो पक्षियों की मौत से हड़कंप

स्मार्ट हलचल | बूंदी

जिले के तालेड़ा क्षेत्र की जाखमुंड पंचायत के तुलसी गांव के पास बरधा डैम क्षेत्र में फ्लेमिंगो पक्षी मृत अवस्था में मिलने से ग्रामीणों और वन्यजीव प्रेमियों में चिंता का माहौल है। युवा साथी सेवा संस्थान के अध्यक्ष विकास पांचाल की जानकारी के अनुसार ब्लू किंगडम स्विमिंग पूल के सामने फोरलेन के पास 11000 हाई टेंशन लाइन के नीचे कई फ्लेमिंगो मृत मिले।

बताया जा रहा है कि तुलसी गांव के पास ही नरेगा के तहत तलाई खुदाई कार्य चल रहा था। इसी दौरान वित्तीय साक्षरता केंद्र तालेड़ा की ओर से वित्तीय परामर्शदाता व युवा साथी सेवा संस्थान के अध्यक्ष विकास पांचाल ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता की जानकारी देने पहुंचे तथा बीआरपी बनवारी सैनी नरेगा कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे उनके साथ जाखमुंड पंचायत के एलडीसी किशनलाल भी मौजूद थे। निरीक्षण



के दौरान हाई टेंशन लाइन के नीचे फ्लेमिंगो पक्षी मृत अवस्था में पड़े मिले।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इन दिनों बरधा डैम क्षेत्र में बड़ी संख्या में फ्लेमिंगो पक्षियों का आगमन हुआ हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से इन पक्षियों की मौत हुई हो सकती है।

ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## वंडर सीमेंट एवं एसजी ग्रीन लॉजिस्टिक्स की संयुक्त पहल

### ग्रीन लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा देने 10 इलेक्ट्रिक भारी वाहनों को दिखाई हरी झंडी

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

वंडर सीमेन्ट द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रीन लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए एसजी ग्रीन लॉजिस्टिक्स के साथ संयुक्त प्रयासों के तहत बुधवार 20 मई 2026 को 10 इलेक्ट्रिक भारी मालवाहक वाहनों को रवाना किया गया।

वंडर सीमेंट लिमिटेड, आर.के. नगर, निम्बाहेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में कंपनी के यूनिट हेड नितिन जैन ने इलेक्ट्रिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण एवं ईंधन बचत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



उन्होंने कहा कि वंडर सीमेंट पर्यावरण अनुकूल औद्योगिक विकास के अपने विजन पर निरंतर कार्य कर रही है। कंपनी ग्रीन मोबिलिटी, कार्बन उत्सर्जन में कमी तथा ग्रीन लॉजिस्टिक्स व्यवस्थाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में एसजी ग्रीन लॉजिस्टिक्स के साथ मिलकर ग्रीन लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम के निर्माण में सक्रिय योगदान दिया जा रहा है।

नितिन जैन ने बताया कि यह सहयोग डीकार्बोनाइज्ड लॉजिस्टिक्स, ऊर्जा दक्ष परिवहन एवं पर्यावरण अनुकूल औद्योगिक संचालन को प्रोत्साहित करने की दिशा में अहम प्रयास है। कार्यक्रम के दौरान उपाध्यक्ष (प्रोसेस) राजेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष (मैकेनिकल) विपिन जैन, प्रोसेस हेड राजेंद्र शर्मा, लॉजिस्टिक्स विभाग से मनोज शर्मा, सेंट्रल लॉजिस्टिक्स से आशीष कुमावत सहित कंपनी के विभिन्न विभागाध्यक्ष एवं अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही एसजी ग्रीन लॉजिस्टिक्स के प्रबंध निदेशक उत्कर्ष जैन, इंफ्रा हेड गौतम, ऑपरेशन हेड विजेंद्र, वाइस प्रेसिडेंट एस.डी. शर्मा सहित कंपनी के अधिकारी एवं चालकगण भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## रावणा राजपूत मातृशक्ति संगठन की बैठक आयोजित



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

रावणा राजपूत मातृशक्ति संगठन की बैठक संस्थापक अध्यक्ष निशा कंवर गौड, संरक्षक वनिता कंवर पंवार व चंदा कंवर के नेतृत्व में व जिलाध्यक्ष सुनीता कंवर राठौड़ की अध्यक्षता में सब्जी मंडी स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष सुनीता कंवर राठौड़ ने बताया कि संगठन के आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई। जल्द ही संगठन की जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया जायेगा। संस्थापक अध्यक्ष निशा कंवर गौड ने बताया कि भारत सरकार द्वारा होने वाली जनगणना में जाति कॉलम में समाजबंधुओं को जागरूक कर रावणा राजपूत अंकित करवाने के लिए संगठन द्वारा अभियान चलाया जायेगा। समाज में महिला जागरूकता के प्रयास किए जाएंगे। संगठन द्वारा समाज की निर्धन बालिकाओं की शिक्षा में सहयोग करने का भी निर्णय लिया। समाज की बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने के लिए शिविर का आयोजन भी जल्द ही किया जायेगा। समाज की मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाए के लिए सरकार की योजनाओं को उन तक पहुंचाने का प्रयास किया जायेगा। इस दौरान संगठन महामंत्री नीलम कंवर सोलंकी, उपाध्यक्ष सीमा कंवर पंवार, सोनम कंवर पंवार, संगठन मंत्री मंजू कंवर नाथावत, कोषाध्यक्ष स्वीटी कंवर कानावत सांस्कृतिक मंत्री मंजू कंवर सिसोदिया सहित पदाधिकारीगण मौजूद थी।

## अन्य राज्य की अवैध शराब की एक और बड़ी खेप पकड़ी

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, गश्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को दौसा में आबकारी निरोधक दल की बड़ी कार्रवाई में 1460 पेटी में 35 हजार 40 बीयर केन अनुमानित 50 लाख रूपए की अवैध शराब फोर सेल इन पंजाब ओनली, दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे पर अलूदा रेस्ट एरिया के पास नाकाबंदी कर एक 10 चक्का ट्रक से बरामद की गई है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व उदयपुर, कोटा, जोधपुर, हनुमानगढ़, जालौर में बड़ी कार्रवाई करते हुए करोड़ों रूपए की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की गई है साथ ही कई गिरफ्तार हुए है इससे अवैध शराब के धंधे में लिप्त तस्करों में हड़कंप की स्थिति है। प्रदेश में अवैध मदिरा पर जारी कार्रवाई से मदिरा के इन्टर स्टेट अवैध परिवहन पर रोक लगी है जिससे राजस्व क्षति पर भी अंकुश लगेगा।

दौसा में कार्रवाई

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत अवैध शराब के विरूद्ध अभियान के क्रम में बुधवार को मुखबिर की पुख्ता सूचना पर दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे पर अलूदा रेस्ट एरिया के पास नाकाबंदी कर एक 10 चक्का ट्रक की तलाशी लेने पर फोर सेल इन पंजाब बीयर की बड़ी खेप बरामद की गई। कार्रवाई में 780 पेटी में 18720 बीयर केन 500 एमएल टुबोर्ग ब्रांड, 680 पेटी में 16320 बीयर केन 500 एमएल किंगफिशर ब्रांड सहित कुल 1460 पेटी में 35 हजार 40 बीयर केन बरामद किए गए। उक्त जब्त बीयर की अनुमानित कीमत 50 लाख रूपए आंकी गई है। मौके से वाहन चालक निवासी उत्तरप्रदेश प्रमोद कुमार को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में अभियोग दर्ज अग्रिम अनुसंधान जारी है।

कार्रवाई में ये रहे शामिल

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में अवैध मदिरा के विरूद्ध जारी अभियान के तहत दौसा की कार्रवाई में अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रदीप सिंह सांगावत के मार्गदर्शन में अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन जयपुर प्रवीण कुमार, उपायुक्त ईपीएफ जयपुर ज्ञानप्रकाश मीणा, डीईओ दौसा दीप्ति मिश्रा के सुपरविजन में एईओ दौसा धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, पीओ हासम अली सहित आबकारी निरीक्षक दौसा कीर्ति सिंह, आबकारी निरीक्षक बांदीकुई लोकेश कुमार यादव, सहायक आबकारी अधिकारी ईपीएफ भरतपुर लखन व्यास कार्रवाई में विशेष योगदान रहा।

## सोपुरा में आज कलशयात्रा के साथ विष्णु महायज्ञ होगा शुरू

### 25 को तेजाजी महाराज की मूर्ति व कलश स्थापना

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** कस्बे के निकटवर्ती जाटों का सोपुरा गांव में तेजाजी महाराज के नवनिर्मित मंदिर में तेजाजी महाराज की मूर्ति स्थापना एवं शिखर पर स्वर्ण कलश की स्थापना को लेकर आज गुरुवार को कलशयात्रा निकाली जाएगी । ग्रामीणों ने बताया कि वासियों के द्वारा तेजाजी महाराज के मंदिर का निर्माण पूर्ण होने पर 25 मई सोमवार को मंदिर में मूर्ति व शिखर पर कलश की स्थापना की जाएगी । इसको लेकर पांच दिवसीय पंच कुण्डीय विष्णु महायज्ञ एवं स्वर्ण कलश स्थापना की शुरुआत आज गुरुवार को कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी । कल गुरुवार को 15 गांवों की तेजा गायन की टीम द्वारा तेजाजी महाराज के जीवन की गाथा का बखान किया जाएगा । शुक्रवार रात्रि में प्यारेलाल गोस्वामी एंड पार्टी द्वारा निर्गुणी भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी ।



शनिवार रात्रि को भूरालाल एंड पार्टी द्वारा अलगोजा पर तेजा गायन किया जाएगा । रविवार रात्रि को पन्नालाल सालवी एंड पार्टी के द्वारा बगड़ावत गाथा का बखान किया जाएगा । सोमवार रात्रि में विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें सोहन चौधरी चित्तौड़गढ़, कानू पंडित राजसमंद, कवयित्री कोमल नाजुक बरेली उत्तर प्रदेश, संजीव संजल भीलवाड़ा, अजय हिंदुस्तानी मध्य प्रदेश, ओम आदर्शी बनेड़ा, प्रभु प्रभाकर भीलवाड़ा, अंशुमान आजाद निम्बाहेड़ा व मनीष सुखवाल मांडलगढ़ अपनी काव्य रचनाओं का पाठ करेंगे । सोमवार 25 मई प्रातः 7:00 बजे तेजाजी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व स्वर्ण कलश की स्थापना होगी।

## महात्मा गाँधी जिला चिकित्सालय भीलवाड़ा मे वेतन के विवाद को मिला विराम

### अधीक्षक डॉक्टर अरुण गोड़ ने मानवीय दृष्टिकोण से किया निपटारा

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** राजस्थान नर्सेज यूनियन के जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट के नेतृत्व मे दोपहर 1 बजे अचानक सभी नर्सेज अपना काम छोड़कर अधीक्षक डॉक्टर अरुण गोड़ के पास पहुंचे और 3 माह से बाकि चल रहे आर वी आर एस मेडिकल कॉलेज के 86 नर्सिंग कार्मिक के वेतन की मांग पर अड़ गए की वेतन



या काम दोनों मे से एक ही कार्य किया जायेगा। ऐसे मे अधीक्षक डॉक्टर अरुण गोड़ की सूझ-बुझ से हड़ताल करने पर अमादा हुवे नर्सेज को एक माह का वेतन तुरंत दिलवाने की बात पर सहमति हुई। जिस पर सवेदनशीलता दिखाते हुवे डॉक्टर गोड़ ने मेडिकल कॉलेज के अक्कउंटेंट से भी वार्ता कर वेतन आहरण शीघ्रताशीघ्र हो इसके पुख्ता इंतजाम किये गए। इधर यूनियन के कई पदाधिकारिओं के पेंडिंग सरेंडर और एरियर अगले बजट मे देने की भी डॉक्टर गोड़ ने आश्वसत किया है और बजट की मांग कर ली है। सेलेरी देने पश्चात अगर बजट रहता है तो शीघ्रता से एरियर और सरेंडर दिला दिया जायेगा। जिला प्रवक्ता गिरिराज लड्डा ने बताया की सभी मेडिकल कॉलेज नर्सेज ने चिकित्सा अधीक्षक और राजस्थान नर्सेज यूनियन को धन्यवाद दिया एवं आभार जताया।इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष ललित जीनगर, संयोजक अमित व्यास, उपाध्यक्ष करण सिंह सिसोदिया आदि।

## ऑनलाइन दवा बिक्री व कॉर्पोरेट छूट के विरोध में हमीरगढ़ के मेडिकल बंद



स्मार्ट हलचल

**हमीरगढ़।** राजस्थान केमिस्ट एसोसिएशन एवं डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में केमिस्ट संघ हमीरगढ़ ने बुधवार को एक दिवसीय मेडिकल बंद रखकर प्रधानमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी झंवर लाल मित्तल को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से केमिस्ट संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को रखते हुए ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाने, कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा दी जा रही भारी छूट बंद करने तथा कोविड जीएसआर-220 कानून को वापस लेने की मांग की। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि ऑनलाइन दवा बिक्री और कॉर्पोरेट कंपनियों की भारी छूट से छोटे मेडिकल व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से दवा विक्रेताओं के हितों की सुरक्षा हेतु आवश्यक कदम उठाने की मांग की।

इस दौरान हमीरगढ़ केमिस्ट संघ के कालू शंकर शर्मा, गौरव बांगड़, राजेंद्र सिंह, दयाशंकर शर्मा, गणेश छीपा, मनोज सिंह, संजय कुमार, महेश धाकड़, कमलेश आचार्य एवं सुनील शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## आजाद नगर माहेश्वरी महिला मंडल की अनूठी पहल, लगाए 40 परिंडे, पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था

### संगठन की महिलाएं निभाएंगी परिंडों में नियमित रूप से स्वच्छ पानी और दाना उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** भीषण गर्मी को देखते हुए आजाद नगर माहेश्वरी महिला मंडल ने पक्षियों के संरक्षण के लिए सराहनीय पहल की है। संगठन की अध्यक्ष प्रेम सुधा एवं सचिव सुनीता ईनाणी के नेतृत्व में क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर 40 परिंदे (पानी के बर्तन) लगाए गए। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रेम सुधा ने कहा कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी और दाना जुटाना बेहद कठिन हो जाता है, जिससे उनके जीवन पर संकट मंडराने लगता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए संगठन ने यह अभियान शुरू किया है, ताकि पक्षियों को राहत मिल सके। सचिव सुनीता ईनाणी ने बताया कि लगाए गए परिंडों





में नियमित रूप से स्वच्छ पानी और दाना उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी संगठन की महिलाएं निभाएंगी। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में पक्षियों के लिए पानी और भोजन की व्यवस्था करें। इस अभियान में महिला संगठन की सदस्य डॉ. राखी राठी, प्रीति चांडक, सुमन चौधरी, गोरी जागेटिया, संगीता काखानी, शीतल बिरला, कविता समदानी, शीतल अजमेरा, विद्या अजमेरा, उषा तोतला, पिंकी जगेटिया एवं मान कंवर काबरा ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। संगठन की सदस्यों ने आमजन से भी अपील की कि वे अपने घरों की छत, बालकनी और आसपास के स्थानों पर पानी के पात्र रखें और पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करें। उनका कहना है कि छोटे-छोटे प्रयासों से हम पर्यावरण संरक्षण और जीव-जंतुओं की सुरक्षा में बड़ा योगदान दे सकते हैं।

## करजालिया में कृभको की पीएम-प्रणाम किसान संगोष्ठी आयोजित, किसानों को दी उर्वरक एवं मृदा परीक्षण की जानकारी दी

स्मार्ट हलचल | मोड़ का निंबाहेड़ा

आसींद क्षेत्र के करजालिया ग्राम सेवा सहकारी समिति पर बुधवार को कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको) द्वारा पीएम-प्रणाम किसान संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को संतुलित उर्वरक प्रबंधन, जैविक खेती एवं मृदा परीक्षण के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समिति अध्यक्ष सावरलाल गुर्जर रहे। वहीं हस्तमल जेन (पूर्व सरपंच), सुरेश गुर्जर (कृषि पर्यवेक्षक), उमराव सिंह एवं रामलाल (समिति सदस्य) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कृभको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रतिनिधि कर्णपाल सिंह ने किसानों



को संतुलित उर्वरक प्रबंधन के आधार पर आवश्यक पोषक तत्वों के उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने कृभको के जैविक उत्पादों जैसे कम्पोस्ट, किण्वित जैविक खाद, सिवारिका, रिजोसुपर, तरल जैव उर्वरक एवं पोटाश के उपयोग और लाभ के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने मृदा परीक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर आवश्यक पोषक तत्वों का उपयोग करने से मिट्टी की उर्वरता शक्ति बढ़ती है तथा उर्वरकों पर होने वाला अनावश्यक खर्च कम होता है। साथ ही किसानों को मृदा परीक्षण हेतु मिट्टी का सही नमूना लेने की तकनीक भी समझाई गई।

कृषि पर्यवेक्षक सुरेश गुर्जर ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए मौसमी फसलों, विशेषकर मिर्च की खेती में आवश्यक खाद प्रबंधन एवं कीट-बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। कार्यक्रम में 100 से अधिक किसान भाइयों ने भाग लिया। अंत में समिति व्यवस्थापक विष्णु वैष्णव ने सभी अतिथियों एवं किसानों का आभार व्यक्त किया।

# संवेदनशील पहल: पहले मिला पक्का आशियाना, फिर हटा अतिक्रमण...

## ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के प्रयासों से मारवाड़ा बस्ती का हुआ सम्मानजनक पुनर्वास, मिनी सचिवालय के सामने से शांतिपूर्ण ढंग से हटा अतिक्रमण

स्मार्ट हलचल

**सांगोद।** सांगोद नगर में मिनी सचिवालय निर्माण के मार्ग में वर्षों से बाधक बने अतिक्रमण को बुधवार को नगर पालिका प्रशासन द्वारा हटाया गया। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के विशेष प्रयासों से इस पूरी कार्रवाई को बेहद मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए शांतिपूर्ण और संवेदनशील ढंग से संपन्न कराया गया है। विस्थापित परिवारों के उचित पुनर्वास के लिए खेराई बीड़ क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से युक्त 'महाराणा प्रताप पुनर्वास कॉलोनी' विकसित की गई है। जहाँ सभी पात्र परिवारों को व्यवस्थित रूप से बसाया जा रहा है। ऊर्जा मंत्री की इस संवेदनशील पहल से वर्षों से लंबित इस समस्या का स्थायी और सम्मानजनक समाधान हो सका है।

नगर पालिका सांगोद के अधिशाषी अधिकारी मनोज कुमार मालव ने बताया कि पालिका द्वारा 2 अगस्त 2018 को मिनी सचिवालय निर्माण स्थल से विस्थापित होने वाले 43 परिवारों को निःशुल्क भूखंड आवंटन का प्रस्ताव भेजा गया था। दुर्भाग्यवश, लंबे समय तक इस योजना को सक्षम स्तर से स्वीकृति नहीं मिल सकी। गौरतलब है कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल के दौरान जब हीरालाल नागर विधायक थे और मिनी सचिवालय का निर्माण कार्य शुरू हुआ, तब इन परिवारों को वहाँ से हटाना प्रस्तावित था। उस समय भी विधायक नागर ने स्पष्ट और कड़े निर्देश दिए थे कि किसी भी गरीब परिवार को बिना उचित पुनर्वास के उजाड़ा नहीं जाए। उन्होंने साफ कहा था कि पहले इन परिवारों के रहने की पुख्ता व्यवस्था की जाए, उसके बाद ही विस्थापन की कार्रवाई अमल में लाई जाए। योजना स्वीकृत होते ही नगर पालिका ने युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए खेराई



बीड़ क्षेत्र में नई कॉलोनी का खाका तैयार किया और वहाँ आधारभूत सुविधाओं का विकास शुरू कर दिया।सभी विस्थापितों को वैकल्पिक भूखंड सौंपने और उनके पुनर्वास की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित होने के बाद ही मिनी सचिवालय के सामने से अतिक्रमण हटाने की विधिक कार्रवाई की गई। इस पूरी कार्रवाई के दौरान पुलिस, प्रशासन और नगर पालिका की टीमें तैनात रहीं और स्थानीय निवासियों के सहयोग से पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

### महाराणा प्रताप पुनर्वास कॉलोनी' में बसाए गए विस्थापित परिवार

नगर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सोनी ने बताया कि हीरालाल नागर के ऊर्जा मंत्री बनने पर इस दिशा में प्रयास तेज हुए। उन्होंने व्यक्तिगत रुचि लेते हुए नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री से बार-बार उच्च स्तरीय वार्ताएं कीं और निरंतर समन्वय बनाए रखा। उनके इन भगीरथ प्रयासों के फलस्वरूप गत 14 अक्टूबर 2025 को इस महत्वाकांक्षी पुनर्वास योजना को राज्य सरकार से वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई।

### पीएम आवास योजना के तहत मिलेंगे ढाई-ढाई लाख

अधिशाषी अधिकारीमनोज कुमार मालव ने बताया कि पुनर्वास प्रक्रिया को पारदर्शी बनाते हुए गत 17 फरवरी 2026 को प्रथम चरण में 36 मारवाड़ा परिवारों को 450-450 वर्ग फीट के आवासीय भूखंडों के आवंटन पत्र सौंप दिए गए थे। इसके साथ ही, राज्य सरकार इन परिवारों को संबल देने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लगभग 2.50 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करा रही है, ताकि ये परिवार जल्द से जल्द अपने स्वयं के पक्के और सुरक्षित आशियाने का निर्माण कर सकें।

### सुव्यवस्थित और संवेदनशील विकास हमारी प्राथमिकता: नागर

'राज्य सरकार की मंशा किसी भी नागरिक या परिवार को असुविधा पहुँचाना या प्रताड़ित करना नहीं है। सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी बेहतर, सुरक्षित और व्यवस्थित आवासीय सुविधा उपलब्ध कराना है। सरकार इस नई पुनर्वास कॉलोनी में बिजली, पानी और सड़कों जैसी मूलभूत सुविधाओं को तेजी से विकसित कर रही है। सांगोद नगर का सुव्यवस्थित, स्वच्छ तथा सुन्दर विकास हमारी प्राथमिकता है।

**हीरालाल नागर, ऊर्जा मंत्री**

# बूंदी में प्रचंड गर्मी, पारा 43 डीग्री पार, कोटा रोड पर पसरा सन्नाटा



स्मार्ट हलचल| बूंदी

गर्मी ने अपना रोद्र रूप दिखाना शुभरू कर दिया है गर्मी के कारण शहर के बाजारों में दिन भर सन्नाटा पसरा रहता है गर्मी अपना रोद्र रूप सवेरे 10 बजे के बाद से ही दिखाना शुरू कर देता है। जिसके कारण आमजन घर से बाहर निकलना बंद कर देता है। किसी आवश्यक कार्य ही आम जन घर से बाहर आता है।

भीषण गर्मी का दौर लगातार जारी है. तेज धूप और गर्म हवाओं ने जनजीवन पूरी तरह प्रभावित कर दिया है. बुधवार को बूंदी शहर का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जिससे दोपहर के समय सड़कें और बाजार सूने नजर आए. सुबह से ही सूर्य की तपिश इतनी तेज रही कि लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया।

गर्मी बढ़ने के साथ ही लू के थपेड़ों ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है. दोपहर के समय चल रही गर्म हवाओं के कारण लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है. भीषण गर्मी से खासकर बुजुर्ग, बच्चे और दिहाड़ी मजदूर सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं. बाजारों में सामान्य दिनों की तुलना में कम भीड़ दिखाई दे रही है। जबकी अभी रोहणी तपना बाकी।

# श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर में 150 शिक्षार्थी ले रहे प्रशिक्षण



स्मार्ट हलचल| कोटा

श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान, सांगानेर-जयपुर के तत्वावधान में विज्ञान नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर में श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में 90 वर्षीय राजमल पाटौदी से लेकर 5 वर्षीय अक्षय तक लगभग 150 शिक्षार्थी उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

संस्थान के महामंत्री अनिल ठौरा ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जैन धर्म, संस्कृति एवं संस्कारों के प्रति नई पीढ़ी और समाज में जागरूकता विकसित करना है। शिविर में वरिष्ठ प्रतिभागियों को पंडित खुशाल शास्त्री द्वारा इष्टोपदेश का अध्ययन कराया जा रहा है, जबकि बच्चों को पंडित सौरभ शास्त्री प्राथमिक जैन धर्म, पूजा-विधि एवं धार्मिक आचरण की जानकारी प्रदान कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि शिविर की समस्त व्यवस्थाओं और संचालन की जिम्मेदारी शिविर संयोजक सीताराम जैन संभाल रहे हैं। प्रशिक्षण सत्रों के पश्चात सभी प्रतिभागियों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था भी की जाती है।संस्कार शिविर में विभिन्न आयु वर्ग के लोगों की सक्रिय भागीदारी जैन श्रमण संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

# भीलवाड़ा जिले के ईट भट्टा संचालकों के लिए एनजीटी का बड़ा आदेश, 31 मई के बाद भट्टो में नहीं पकेगी ईंटे, एनजीटी ने लगाई रोक

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** जिले में आगामी 31 मई के बाद ईंटें पकने का काम पूरी तरह से ठप हो जाएगा। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (ह्र') के सख्त आदेशों का हवाला देते हुए 31 मई के बाद सभी ईंट भट्टों में जलाई (ईंट पकाने की प्रक्रिया) पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। इस नियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रशासन द्वारा बेहद सख्त कदम उठाए जाएंगे।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (ह्र') में चल रहे एक अहम मामले 'रामदास बनाम राजस्थान राज्य' में इस साल 24 जनवरी को एक बड़ा और निर्णायक आदेश जारी हुआ था। इस आदेश के तहत यदि 31 मई की तय समय सीमा के बाद भी कोई ईंट



भट्ठा संचालित होता हुआ पाया गया, तो प्रशासन बिना किसी ढिलाई के सीधे कानूनी कार्रवाई अमल में लाएगा।

इसमें ईंट भट्टे को तुरंत सीज (जब्त) करना, भारी-भरकम पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुर्माना वसूलना और सीधे जेल भेजने जैसी कड़ी कानूनी धाराएं शामिल हैं। प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी प्रकार की कार्रवाई होने पर भट्ठा मालिक स्वयं इसके लिए पूरी तरह जिम्मेदार होंगे।

गौरतलब है कि एनजीटी के इसी आदेश और मुख्यालय के कड़े नियमों को ध्यान में रखकर स्थानीय मौसम, पर्यावरण, मिट्टी की स्थिति और मजदूरों की उपलब्धता के आधार पर ईंट भट्टों को साल में केवल 6 महीने (1 दिसंबर से 31 मई तक) ही संचालित करने की मंजूरी दी गई थी। अब वह निर्धारित समयावधि खत्म होने की कगार पर है, जिसके बाद जिले के सभी भट्टों पर चिमनियों से धुआं निकलना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा ।

# नीट पेपर लीक के विरोध में 21 मई को जयपुर में राज्यव्यापी धरना

स्मार्ट हलचल| चित्तौड़गढ़



नीट पेपर लीक प्रकरण को लेकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 21 मई को जयपुर स्थित पीसीसी कार्यालय में आयोजित राज्यव्यापी एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में चित्तौड़गढ़ से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भाग लेंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के दिशा-निर्देश एवं पीसीसी एससी विभाग अध्यक्ष ममता भूपेश के निर्देशों पर आयोजित इस धरना प्रदर्शन में चित्तौड़गढ़ से जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश घारू के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जयपुर पहुंचेंगे।

# बजरंग दल का सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर जारी

## दूसरे दिन शारीरिक एवं बौद्धिक सत्रों का हुआ आयोजन

स्मार्ट हलचल| चित्तौड़गढ़

चित्तौड़ प्रांत के तत्वावधान में आयोजित बजरंग दल के सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के द्वितीय दिवस पर विभिन्न शारीरिक एवं बौद्धिक सत्रों का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित युवाओं ने उत्साह एवं अनुशासन के साथ सहभागिता निभाई।

दिवस की शुरुआत प्रातःकालीन स्मरण, आचार पद्धति, व्यायाम, योग एवं शारीरिक अभ्यासों से हुई। इसके पश्चात प्रशिक्षणार्थियों को समता, समूह आधारित गतिविधियों एवं संगठनात्मक कार्य पद्धति का




प्रशिक्षण दिया गया। चर्चा सत्र में अखिल भारतीय समरसता प्रमुख एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता देव जी भाई ने सामाजिक समरसता एवं जीवन व्यवहार विषय पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने गुरु नानक देव, डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं महात्मा गांधी के उदाहरणों के माध्यम से समाज में समरसता, समानता एवं सद्भाव के महत्व को बताया।

बौद्धिक सत्र में देव जी भाई ने धर्मांतरण विषय पर चर्चा करते हुए उसके सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रभावों पर अपने विचार रखे। उन्होंने युवाओं को सामाजिक जागरूकता, सतर्कता एवं संस्कारयुक्त जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि युवाओं को अपने इतिहास एवं सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूक रहकर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। शिविर के दौरान प्रशिक्षणार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा सभी ने अनुशासन एवं समर्पण के साथ गतिविधियों में भाग लिया।

प्रांत सह संयोजक एवं वर्ग प्रमुख करण सिंह ने 'सेवा, सुरक्षा और संस्कार' विषय के अंतर्गत आयोजित आपदा प्रबंधन सत्र में विभिन्न प्रकार की आपदाओं से निपटने के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी आपदा के समय संयम, सतर्कता एवं त्वरित प्रबंधन अत्यंत आवश्यक होता है। उन्होंने कोरोना महामारी का उदाहरण देते हुए सेवा एवं अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों को प्राथमिक उपचार, घायलों की सहायता, रक्तदान, राहत सामग्री वितरण एवं बचाव कार्यों में स्वयंसेवकों की भूमिका की जानकारी भी दी गई।

# राजऋषि ठाकुर उमैद सिंह धौली को पराक्रम सम्मान मिला

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़।** महान क्रांतिकारी ठाकुर केसरी सिंह बारहठ परिवार का देश की आजादी में अतुलनीय योगदान देश कभी भुला नहीं पाएगा । क्रांति वीर जोरावर सिंह बारहठ ने होर्डिंग पर 23 दिस.1912 को बम फेक कर आजन्म अग्रेजों की गिरफ्त में नहीं आए ,जो चंद्रशेखर आजाद के पथ गामी बने उन्हीं के सम्मान में *पराक्रम सम्मान*राजऋषि ठाकुर उमेद सिंह धौली को वर्ष 2026 का यह सम्मान खंभालिया, राजकोट गुजरात में आयोजित शहीद प्रताप सिंह बारहठ की 133 वी जयंती पर,राष्ट्रीय स्तर का भव्य आयोजन शहीद वंदना समारोह में प्रदान किया जाएगा। सम्मान में 11000 रु अभिनंदन पत्र,स्मृति चिन्ह, शॉल, पाग ,अमर शहीद कु. प्रताप सिंह बारहठ सेवा संस्थान शाहपुरा द्वारा प्रदान किया जाएगा। परम् सम्माननीय धौली ठाकुर उम्मेद सिंह



जी ने अपने कृतित्व और व्यक्तित्व से समाज और देश के सामने अपनी संस्कृति चेतना और स्वाभिमान के साथ सर्व समाज को एकता के सूत्र में बांध कर ,जौहर मेले को अंतर्राष्ट्रीय फलक पर स्थापित कर गौरव और पराक्रम का कार्य मेवाड़ की धरती यह कार्य शून्य से शिखर तक अपने पुरुषार्थ से कर दिखाया,धौली ठाकुर राज ऋषि उम्मेद सिंह को उनके कृतित्व पर यह पराक्रम सम्मान प्रदान करते हुए संस्थान गौरवान्वित है।

# कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की ब्लॉक अध्यक्ष बैठक सम्पन्न



स्मार्ट हलचल|चित्तौड़गढ़

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग की बैठक बुधवार 20 मई 2026 को जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश घारू के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान ब्लॉक एवं मंडल नगर कार्यकारिणी को आगामी सात दिवस में घोषित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

मीडिया प्रभारी पुष्कर जीनगर ने बताया कि बैठक में नगर अध्यक्ष राजकुमार चांवला, चेतक जटिया ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण, रविन्द्र मेघवाल ब्लॉक अध्यक्ष निम्बाहेड़ा, मथुरालाल सालवी ब्लॉक अध्यक्ष बड़ीसादड़ी, दौलतराम पिंगोलिया जिला उपाध्यक्ष, बी.एल. घारू महासचिव, राजेश कंडारा जिला महासचिव, जगदीश टांक महासचिव, रामचन्द्र रेगर सचिव कांग्रेस, कमल कुमार पिंगोलिया, अरुण घारू प्रवक्ता, धर्मवीर सदस्य, अजय मल्हौत्रा कोषाध्यक्ष, अविनाश चौहान सचिव सहित कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

# ब्यावर में 6 लेन सड़क चौड़ीकरण के लिए 23 पेड़ों की होगी खुली नीलामी, 26 मई को मौका स्थल पर लगेगी बोली

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राजस्व ग्राम गढीथोरियान में सतपुलिया ज्योतिबा फुले से देलवाडा रोड़ तक सड़क को 6 लेन में चौड़ा करने का कार्य तेजी से चल रहा है। इस विकास कार्य के आड़े आ रहे कुल 23 पेड़ों को काटने की प्रशासनिक स्वीकृति जिला कलक्टर महोदय ब्यावर द्वारा प्रदान कर दी गई है। इसके बाद अब इन खड़े पेड़ों की खुली नीलामी आगामी 26 मई 2026 को दोपहर 3:00 बजे मौका स्थल पर निर्धारित कमेटी के समक्ष की जाएगी।

सार्वजनिक निर्माण विभाग के सूत्रों के अनुसार, इन 23 वृक्षों में से 14 वृक्ष सड़क के दायीं तरफ और 9 वृक्ष बांयी तरफ स्थित हैं। नीलामी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन ने कुछ कड़े नियम और शर्तें भी तय की हैं।

प्रतिभूति राशिः बोली में भाग लेने वाले प्रत्येक ठेकेदार/बोलीदाता को प्रक्रिया शुरू होने से पहले 5,000 की अमानत राशि जमा करानी होगी, जो असफल होने पर मौके पर ही लौटा दी जाएगी। भुगतान प्रक्रियाः जिस उच्चतम बोलीदाता के नाम नीलामी छूटेगी, उसे कुल राशि का 25 प्रतिशत (1/4 भाग) मौके पर ही नकद जमा करना होगा। शेष 75 प्रतिशत राशि सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के बाद 3 दिनों के भीतर तहसील कार्यालय में जमा करानी होगी। इसके अलावा जी.एस.टी. का खर्च भी खरीदार को स्वयं वहन करना होगा। वन विभाग के नियमः पेड़ों को काटने और परिवहन का कार्य केवल सूर्योदय से सूर्यास्त के बीच ही किया जा सकेगा। रात्रि में कार्य करने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही, ठेकेदार को पेड़ों को जड़ सहित उखाड़ना होगा और यह पूरा कार्य लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता के निर्देशन में वन विभाग की सावधानियों का पालन करते हुए किया जाएगा।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्राधिकार ब्यावर रहेगा और बिना कारण बताए नीलामी को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

# पुष्कर की ऑनलाइन दवा के बिक्री के विरोध में दुकानें रही बंद



स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/अजमेर।** देशभर में ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शन की गूंज अब तीर्थनगरी पुष्कर में भी सुनाई दी। ऑल इंडिया स्तर पर किए गए बंद के आह्वान के समर्थन में पुष्कर सहित पूरे अजमेर जिले के दवा विक्रेताओं ने अपनी मेडिकल दुकानें बंद रखकर विरोध दर्ज कराया। केमिस्टों का कहना है कि ऑनलाइन दवा बिक्री न केवल छोटे व्यापारियों की रोजी-रोटी पर असर डाल रही है, बल्कि आम लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी बड़ा खतरा बनती जा रही है। पुष्कर केमिस्ट एसोसिएशन के सचिव सुभाषचंद्र पाराशर ने बताया कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्मेस पर बिना डॉक्टर की वैध पर्ची के दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लोग खुद फर्जी पे रिस्क्रिप्शन तैयार कर दवाइयां मंगवा रहे हैं और नशे में इस्तेमाल होने वाली दवाइयां भी आसानी से उपलब्ध हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि ऑनलाइन कंपनियां भारी डिस्काउंट देकर स्थानीय दवा विक्रेताओं को आर्थिक नुकसान पहुंचा रही हैं। अजमेर जिले में करीब 2000 मेडिकल स्टोर हैं और सभी ने इस बंद को समर्थन दिया है। उन्होंने सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री को पूरी तरह बंद करने की मांग की। वहीं पुष्कर केमिस्ट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रेम मंघानी ने कहा कि यह आंदोलन केवल व्यापारियों के हित में नहीं, बल्कि आम जनता की सुरक्षा के लिए भी है। उनका कहना है कि ऑनलाइन दवाइयों पर दिए जा रहे भारी डिस्काउंट उनकी गुणवत्ता और पारदर्शिता पर सवाल खड़े करते हैं। साथ ही एआई जनरेटेड प्रिस्क्रिप्शन के जरिए दवाइयों की उपलब्धता दुरुपयोग की संभावनाओं को बढ़ा रही है।

उन्होंने कहा कि दवाइयों का गलत इस्तेमाल गंभीर स्वास्थ्य संकट पैदा कर सकता है और यही कारण है कि संगठन इस मुद्दे को जनहित से जुड़ा मान रहा है। उन्होंने साफ कहा कि यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा । इसमें अध्यक्ष गोपाल जांगिड़, उपाध्यक्ष चंदप्रकाश, ध्रुव कुमार और जगदीश प्रसाद चौधरी सहित कई दवा विक्रेता मौजूद रहे।

# पुलिस मुख्यालय में प्रोबेशनर आईएएस अधिकारियों का भ्रमण, डीजीपी के साथ हुआ विशेष संवाद

## प्रशासनिक और पुलिस समन्वय पर हुआ मंथन; साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के सीखे गुर

स्मार्ट हलचल| जयपुर

पुलिस मुख्यालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में बुधवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रोबेशनर अधिकारियों के एक उच्च स्तरीय दल ने आधिकारिक भ्रमण किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित इस दौरे का मुख्य उद्देश्य राज्य सेवा में कदम रख रहे इन युवा अधिकारियों को पुलिसिंग के बुनियादी ढांचे, कानून व्यवस्था के व्यावहारिक पहलुओं और पुलिस व प्रशासन के बीच आपसी समन्वय को मजबूत करने की बारीकियों से रूबरू कराना था।

इस दौरान महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा के साथ प्रोबेशनर आईएएस अधिकारियों का एक विशेष संवाद सत्र आयोजित हुआ, जिसमें डीजीपी श्री शर्मा ने फील्ड में सफल प्रशासनिक नेतृत्व के लिए पुलिस और प्रशासन के बेहतर तालमेल को अपरिहार्य बताया।

महानिदेशक पुलिस स्पेशल ऑपरेशन्स श्री आनंद कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस और प्रशासन के बीच समन्वय विषय पर महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक की संयुक्त भूमिका कितनी महत्वपूर्ण होती है।

राज्य मे सड़क सुरक्षा के



वर्तमान परिदृश्य व स्थिति पर महानिदेशक पुलिस प्रशिक्षण एवं यातायात श्री अनिल पालीवाल ने व्यावहारिक दिशा-निर्देश साझा किए और जिला सड़क सुरक्षा समितियों की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कार्मिक श्री बीजू जॉर्ज जोसेफ ने स्टेट पुलिस फ्रेमवर्क विषय पर प्रस्तुतीकरण देते हुए राजस्थान पुलिस की संरचना, कार्यप्रणाली और प्रशासनिक व्यवस्था की जानकारी दी।

राजस्थान में ड्रग्स लॉ एनफोर्समेंट तथा मादक पदार्थों के नेटवर्क को ध्वस्त करने में जिला स्तर पर नार्को कोऑर्डिनेशन समिति (हृष्टह्र्ष्ठ) की भूमिका और पर महानिरीक्षक पुलिस एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स श्री विकास कुमार ने प्रकाश डाला। तकनीकी और समसामयिक चुनौतियों से निपटने के सत्र में उप महानिरीक्षक पुलिस साइबर क्राइम श्री शांतनु कुमार सिंह ने प्रोबेशनर्स को साइबर अपराध एवं डिजिटल खतरों' से अवगत कराया।


इस दौरान दल ने 1930 साइबर कंट्रोल रूम का प्रत्यक्ष दौरा कर ठगी के मामलों में की जाने वाली त्वरित तकनीकी कार्रवाई को देखा। उप महानिरीक्षक पुलिस सिविल राइट्स श्रीमती श्वेता धनखड़ ने महिला, बच्चों और कमजोर वर्गों के अधिकारों व सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा संचालित की जा रही विशेष योजनाओं के बारे में अधिकारियों को ब्रीफ किया। भ्रमण कार्यक्रम के अंतिम चरण में सभी प्रोबेशनर आईएएस अधिकारियों ने जयपुर कमिश्नरेट स्थित अत्याधुनिक अभय कमांड सेंटर' का अवलोकन किया। वहां जयपुर पुलिस कमिश्नर श्री सचिन मित्तल ने शहर की डिजिटल निगरानी, सीसीटीवी सर्विलांस, ई-चालान और आपातकालीन रेस्पॉन्स सिस्टम की कार्यप्रणाली का सजीव प्रदर्शन कर अधिकारियों को आधुनिक स्मार्ट पुलिसिंग मॉडल से परिचित कराया।

# रुपए के लेनदेन के विवाद में व्यापारी की हत्या, हादसे का रूप देने के लिए बोलेरो सहित खड्डे में फेंकी लाश, आरोपी को किया गिरफ्तार

## 10 साल पुराने व्यापारिक संबंध बने विवाद की वजह

स्मार्ट हलचल

**नागौर/मेड़ता रोड।** नागौर जिले के खींवसर थाना क्षेत्र में बोलेरो वाहन दुर्घटना में हुई मौत का मामला अब हत्या में बदल गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक की हत्या कर शव को बोलेरो गाड़ी सहित गहरे खड्डे में डालकर दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया गया था। मामले में पुलिस ने आरोपी पुनाराम जाट निवासी खुण्डाला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 25 जनवरी 2026 को परिवादी पन्नाराम पुत्र स्वर्गीय घमडाराम ने रिपोर्ट पेश कर बताया था कि उसके पिता घमडाराम 24 जनवरी को अपनी बोलेरो गाड़ी लेकर पांचला सिद्धा आश्रम में जागरण में जाने की बात कहकर घर से निकले थे। वापस लौटते समय उनकी गाड़ी सड़क किनारे गहरे खड्डे में गिरी मिली तथा घमडाराम का शव वाहन में पड़ा मिला। प्रारंभिक रिपोर्ट में परिवादी ने किसी प्रकार का संदेह नहीं जताया, जिस पर पुलिस ने मर्ग नंबर 03/2026 धारा 194 बीएनएसएस 2023 में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान मृतक घमडाराम और पुनाराम के बीच पिछले करीब 10 वर्षों से अनाज व्यापार तथा रुपयों के लेनदेन की बात सामने आई। इसी दौरान



परिवादी पन्नाराम ने अपने पिता की हत्या की आशंका जताते हुए आरोपी पुनाराम के खिलाफ रिपोर्ट दी। इसके बाद खींवसर थाना पुलिस ने प्रकरण संख्या 60/2026 धारा 103(1) बीएनएस 2023 में हत्या का मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। पुलिस ने घटनास्थल और क्षतिग्रस्त बोलेरो वाहन का बारीकी से मौका मुआयना किया। जिला मुख्यालय से एफएसएल एवं एमओबी टीम को बुलाकर वैज्ञानिक जांच कराई गई। साथ ही मृतक और आरोपी के मोबाइल नंबरों की सीडीआर का विश्लेषण कर तकनीकी साक्ष्य जुटाए गए।

अनुसंधान के दौरान पुलिस ने आरोपी पुनाराम पुत्र बीरमाराम जाट निवासी खुण्डाला को दस्तयाब कर गहन पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने हत्या करना स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बताया कि मृतक घमण्डाराम बार-बार रुपयों की मांग कर रहा था, जिससे वह परेशान था। इसी कारण उसने हत्या की योजना बनाई।

पुलिस के अनुसार आरोपी 24 जनवरी को पांचला सिद्धर पहुंचा और वहां एक मिठाई की दुकान पर अपना मोबाइल खराब होने का बहाना बनाकर दूसरे व्यक्ति का मोबाइल लिया। इसके बाद उसने घमण्डाराम को फोन कर कहा कि उसके पास रुपए आ गए हैं और रुपए लेने के लिए बुलाया। बाद में आरोपी अपनी मोटरसाइकिल से पांचलासिधा स्थित अपने ईजारे पर लिए गए कृषि ट्यूबवेल पर पहुंच गया।

शाम करीब पांच से छह बजे घमण्डाराम बोलेरो गाड़ी लेकर घर से निकले और रात करीब आठ से साढ़े आठ बजे आरोपी के कृषि ट्यूबवेल पर पहुंचे। वहां दोनों के बीच रुपयों के लेनदेन को लेकर कहासुनी और गाली-गलौज हुई। इसी दौरान आरोपी पुनाराम ने लोहे के सरिये से घमण्डाराम के सिर पर वार कर उनकी हत्या कर दी।

हत्या के बाद आरोपी ने पूरे मामले को सड़क दुर्घटना दिखाने की साजिश रची। आरोपी ने मृतक के शव को बोलेरो गाड़ी में डालकर स्वयं वाहन चलाया और पांचलासिधा से नारवा जाने वाली डामर सड़क के पास गहरे खड्डे में वाहन गिरा दिया। इसके बाद आरोपी पैदल अपने घर लौट गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय में पेश किया, जहां से पीसी रिमांड प्राप्त किया गया है। मामले में आगे की पूछताछ और अनुसंधान जारी है।

# कनवाडा के सांकली गांव में खुला कुआँ

## प्रशासनिक अनदेखी से राहगीरों और बच्चों को खतरा, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा


स्मार्ट हलचल

**घाड़ (देवली), टोंक।** कनवाडा ग्राम पंचायत के सांकली गांव में मुख्य मार्ग पर एक तीखे मोड़ पर स्थित खुला कुआँ राहगीरों और ग्रामीणों के लिए खतरा बना हुआ है। बिना मुंडेर का यह कुआँ सुरक्षा इंतजामों के अभाव में कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। स्थानीय प्रशासन की अनदेखी से ग्रामीणों में रोष है।

ग्रामीणों के अनुसार, यह कुआँ मुख्य सड़क के घुमावदार तिराहे पर स्थित है और पूरी तरह खुला है। इस पर न तो कोई मुंडेर है और न ही कोई सुरक्षा जाली लगाई गई है।

दिन के समय छोटे बच्चे अक्सर इस मोड़ और कुएं के पास खेलते रहते हैं, जिससे उनके कुएं में गिरने का खतरा बना रहता है। रात में, तीखे मोड़ पर होने के कारण वाहन चालकों को यह कुआँ स्पष्ट दिखाई नहीं देता। थोड़ी सी चूक या संतुलन बिगड़ने पर कोई भी वाहन सीधे कुएं में गिर सकता है, जिससे गंभीर दुर्घटना की आशंका है।

गांव के नागरिक किशन गोपाल, परमेश्वर, प्रभु लाल, राधेश्याम मीणा, दिलखुश हनुमान और श्योराज सहित अन्य ग्रामीणों ने इस



स्थिति पर गहरा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को किसी बड़े हादसे का इंतजार नहीं करना चाहिए।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और ग्राम पंचायत से तत्काल इस खुले कुएं पर मजबूत लोहे की जाली लगवाने की मांग की है। उनका कहना है कि जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाना अत्यंत आवश्यक है ताकि किसी भी अनहोनी को टाला जा सके।

ग्रामीणों ने बताया, 'यह मोड़ बेहद खतरनाक है। दिनभर यहाँ डर का माहौल रहता है कि कहीं कोई बच्चा या मवेशी इसमें न गिर जाए। हमारी उम्मीद है कि प्रशासन हमारी इस जायज मांग को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द जाली लगवाएगा।

# सूने मकान में चोरी का 24 घंटे में खुलासा, शातिर चोर गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**मंडावर।** दौसा जिले के मंडावर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए सूने मकान में हुई चोरी की वारदात का मात्र 24 घंटे में खुलासा कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शातिर बदमाश मुजीम उर्फ पप्पी को गिरफ्तार किया है, जिसके खिलाफ चोरी, नकबजनी और आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर मामले दर्ज हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक दौसा श्री सागर राणा आईपीएस के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और वृत्ताधिकारी महवा के सुपरविजन में मंडावर थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की। थानाधिकारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी को दबोच लिया।

पुलिस के अनुसार परिवादी कमलेश मीणा निवासी बहड़पुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका मकान करीब 10 दिनों से बंद था। 16 मई की रात अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़कर हजारों रुपए की नकदी व सामान चोरी कर ले गए तथा जाते समय घर में आग भी लगा दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और महज 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी मुजीम उर्फ पप्पी पुत्र मनोहरलाल, निवासी सतानंद कॉलोनी मंडावर, पहले भी कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार उसके खिलाफ चोरी और अन्य धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। इस कार्रवाई में थानाधिकारी प्रवीण कुमार, एएसआई जगपाल प्रसाद, हेड कांस्टेबल रतन सिंह सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

# रेगर महापंचायत संघ का विस्तार: कमोदर प्रसाद मौर्य बने ब्यावर के नए जिलाध्यक्ष, एडवोकेट घनश्याम फुलवारी ने सौंपी कमान

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** अखिल भारतीय रेगर महापंचायत संघ के संस्थापक एवं



राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट घनश्याम फुलवारी ने संगठन को मजबूत और विस्तारित करते हुए ब्यावर जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। समाज के प्रतिष्ठित समाजसेवी कमोदर प्रसाद मौर्य को ब्यावर का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। स्थानीय स्तर पर आयोजित एक गरिमामयी समारोह में समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में मौर्य को नियुक्ति पत्र सौंपा गया और साफा व माला पहनाकर



उनका भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर समाज को संबोधित करते हुए प्रखर नेतृत्वकर्ता एडवोकेट घनश्याम फुलवारी ने राजनीतिक दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि रेगर समाज ने सदियों से अपनी मेहनत, श्रम और संघर्ष से राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया है, लेकिन आज राजनीति में समाज को सिर्फ एक वोट बैंक समझकर छोड़ दिया गया है। उन्होंने समाज को अतीत की याद दिलाते हुए कहा, 'एक समय था जब राजस्थान विधानसभा में हमारे 25 से अधिक विधायक हुआ करते थे और समाज की राजनीतिक ताकत की गूंज पूरे प्रदेश में थी। आज करोड़ों की आबादी होने के बावजूद हमारा प्रतिनिधित्व लगभग समाप्त कर दिया गया है। यह समाज के स्वाभिमान पर सीधा आघात है, जिसे अब और सहन नहीं किया जाएगा।' उन्होंने नारा दिया– 'अब नहीं सहेंगे उपेक्षा, रेगर समाज अपने अधिकार लेकर रहेगा।'

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कमोदर प्रसाद मौर्य के दायित्वों पर बोलते हुए फुलवारी ने उन्हें बेहद कर्तव्यनिष्ठ, सकारात्मक और ईमानदार छवि का व्यक्ति बताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि मौर्य समाज को एकजुट कर संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। साथ ही उन्हें जल्द से जल्द ब्यावर जिला कार्यकारिणी का गठन करने के निर्देश भी दिए।कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद बाबूलाल पंवार, भगवान दास तंवर, बिरदी चंद खोरवाल और शिव प्रकाश तुंगरिया सहित समाज के अनेक गणमान्य लोगों ने दोनों नेताओं का अभिनंदन किया और संगठन को धरातल पर मजबूत करने का संकल्प लिया।

# सांसद ने रेलवे स्टेशन पर की जलसेवा

**चित्तौड़गढ़।** मानव जल सेवा संस्थान के तत्वाधान में रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए संचालित जल सेवा मे सांसद सीपी जोशी ने सहयोग प्रदान किया।

सांसद जोशी द्वारा जल सेवा करने वाले सेवा निवृत्त लोगों की प्रशंसा की, जो अपने कार्य क्षेत्र में दिनभर मेहनत करने के बाद पूरे जोश और उत्साह से जल सेवा करते हैं। सेवादारों द्वारा जल सेवा के दौरान रखी जा रही स्वच्छता की भी



उन्होंने बहुत सराहना की। सांसद ने जल सेवा को एक बड़ा ही पुण्य का कार्य बताया, साथ ही उन्होंने पानी बचाने का भी संदेश दिया।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में शहर के सभी मेडिकल स्टोर रहे बंद

स्मार्ट हलचल | बून्दी

ऑल इंडिया आर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एण्ड ड्रगीस्टर्स व राजस्थान केमिस्ट एलाइंस के आव्हान पर आज ऑनलाईन दवाओं की अवैध बिक्री के विरोध में आज बून्दी शहर सहित जिले भर के मेडिकल स्टोर बंद रहे। केमिस्टो की एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला। दवा विक्रेताओं ने एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अशोक जैन के नेतृत्व में प्रधानमंत्री के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में ऑनलाईन दवाईयों की बिक्री पर रोक लगाने, बिना पर्चे दवाओं की सप्लाई बंद करने और ई-फार्मेसी कम्पनियों की भारी छूट पर नियंत्रण की मांग की है। दवा व्यवसायी इदरीस बोहरा ने बताया कि ऑनलाईन दवाओं की बिक्री से छोटे दवा विक्रेताओं का रोजगार और जन स्वास्थ्य दोनो खतरे में है। इसलिए जनहित में ऑनलाईन दवा बिक्री पर रोक लगाई जावे। ज्ञापन देने वालों में कुंजबिहारी बील्या, महेन्द्र पांचाल, सुरेश जैन आदि शामिल थे।

# छोटी उम्र में बड़ा मुकाम : जयपुर की बेटी शनाया शर्मा ने आईएलएफएच फैशन शो में जीता सबका दिल

## ममकिंस ब्रांड की शोस्टॉपर बनीं नन्हीं कलाकार शनाया शर्मा, अभिनय और मॉडलिंग में बढ़ा रहीं राजस्थान का गौरव

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में आयोजित भव्य आईएलएफएच फैशन शो चैप्टर-13 में नन्हीं चाइल्ड आर्टिस्ट शनाया शर्मा ने अपने आत्मविश्वास, शानदार अंदाज और बेहतरीन रैंप वॉक से सभी का दिल जीत लिया। फैशन शो के दौरान शनाया शर्मा ने प्रसिद्ध किड्स वियर ब्रांड 'ममकिंस' की शोस्टॉपर बनकर मंच पर अपनी दमदार प्रस्तुति दी और दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम का आयोजन निदेशक अनूप चौधरी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें देशभर से आए प्रतिभागियों और फैशन जगत की कई जानी-मानी हस्तियों ने हिस्सा लिया।

कम उम्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर रही शनाया शर्मा आज प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर की बेटियों के लिए प्रेरणा बनती जा रही हैं। शनाया पिछले कई वर्षों से आईएलएफएच मंच से जुड़ी हुई हैं




और पहले अध्याय से लगातार अपनी प्रतिभा, मेहनत और आत्मविश्वास के दम पर मंच की शोभा बढ़ा रही हैं। मात्र 4 वर्ष की छोटी उम्र से अभिनय और मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखने वाली शनाया आज टीवी सीरियल्स, फिल्मों, विज्ञापनों और प्रिंट शूट्स में अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं।

हाल ही में शनाया शर्मा एशियन पेंट्स और आईफोन 17 के विज्ञापनों में भी नजर आई हैं, जिससे उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। इसके साथ ही वह 'बेटी फाउंडेशन' की ब्रांड एंबेसडर के रूप में समाज में बेटियों को आगे बढ़ने, आत्मनिर्भर बनने और अपने सपनों को साकार करने का संदेश भी दे रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान शनाया शर्मा को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और कम उम्र में हासिल की गई उपलब्धियों के लिए विशेष सम्मान से नवाजा गया। उनकी सफलता यह साबित करती है कि यदि बेटियों को परिवार का प्यार, माता-पिता का सहयोग और सही मार्गदर्शन मिले तो वे हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू सकती हैं।

शनाया की इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता और परिवार का विशेष योगदान रहा है, जो हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाते हुए उनके सपनों को नई उड़ान दे रहे हैं। आज शनाया शर्मा केवल फैशन और अभिनय की दुनिया में ही नहीं बल्कि समाज में बेटियों के आत्मविश्वास, प्रतिभा और सफलता की नई पहचान बनकर उभर रही हैं।

# विधि मंत्री जोगाराम पटेल की मौजूदगी में अभिभाषक संघ की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

## नव निर्मित अभिभाषक भवन का हुआ लोकार्पण, अधिवक्ताओं से लोक कल्याण के लिए कार्य करने का किया आह्वान

स्मार्ट हलचल | पावटा

अभिभाषक संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को पावटा उपखंड मुख्यालय परिसर में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह राजस्थान सरकार के विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान पावटा सिविल न्यायालय की जज पूजा धानिया ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। वहीं कार्यक्रम का संचालन कवि महावीर शर्मा ने किया। इस अवसर पर मंत्री जोगाराम पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि देशभर के न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में अधिवक्ताओं की जिम्मेदारी केवल न्यायिक प्रक्रिया तक सीमित नहीं है, बल्कि



उन्हें समाज और लोक कल्याण को ध्यान में रखते हुए भी कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं और समाज को सही दिशा देने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। समारोह के दौरान विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ की अनुशंसा से लगभग 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित नए अभिभाषक भवन का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं ने नवीन भवन को अभिभाषक संघ के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। कार्यक्रम में जयपुर प्रथम उपभोक्ता मजिस्ट्रेट डॉ. सुबेसिंह यादव, पूर्व गृह राज्य मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव, शिक्षाविद जीएल यादव सहित कई जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर कोटपूतली बार सचिव एडवोकेट मुकेश कुमार यादव, एडवोकेट विष्णु शर्मा, एडवोकेट रतिराम मीणा, दिलीप सिंह शेखावत, एडवोकेट देवांश सिंह, एडवोकेट अभिनाश सिंघल, एडवोकेट रिंकू कासोटिया, पंकज सिंह, उपवंत सैनी, निर्मल मौर्य, लोकेश शर्मा, हजारीलाल यादव, नरेश यादव, अनिल यादव, बीएल आर्य, मुकेश यादव, अशोक गुर्जर, धर्मपाल यादव, एडवोकेट मुरलीधर खोवाल, रिंकू गुर्जर, किशोरी लाल यादव, आकाश चौधरी, महेश शर्मा, डीड राइटर बुधराम यादव, स्टांप वेंडर अध्यक्ष गुलाराम यादव, हरिसिंह यादव, राजेश कुमार यादव, पंकज यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे। बार अध्यक्ष एडवोकेट रामनिवास यादव ने कहा कि यह आयोजन केवल शपथ ग्रहण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अभिभाषक संघ की एकता, विकास और नई कार्यशैली के संकल्प का प्रतीक है। समारोह को लेकर अधिवक्ताओं में विशेष उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।

# 9 दिवसीय 'श्री शिवशक्ति महायज्ञ' में चौथे दिन श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

## श्री नित्यानन्द गिरी जी महाराज सानिध्य में हवन कुंडो में सर्व समाज ने की आहुतियां

स्मार्ट हलचल

**नगर फोर्ट।** अलीगढ़ तहसील क्षेत्र स्थित ग्राम लसाड़िया बेगमपुरा में 17 मई से 25 मई तक 9 दिवसीय 'श्री शिवशक्ति महायज्ञ' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन अद्वैत सन्यास आश्रम, लसाड़िया बेगमपुरा में विश्व कल्याण, पर्यावरण शुद्धि, धर्म रक्षा एवं जनकल्याण की भावना से किया जा रहा है। महायज्ञ में 108 कुण्ड विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दी जा रही है। आयोजन के दौरान प्रतिदिन कथा, प्रवचन, भजन-कीर्तन, धार्मिक झांकियां एवं आध्यात्मिक कार्यक्त्रमों की श्रृंखला आयोजित। 108 कुंडों में महा-आहुतियों से पवित्र हुआ पूरा इलाका, दिनभर भजनों की धून पर झूम रहे हैं हज़ारों



श्रद्धालु! तैयारियां पूरी, व्यवस्थाएं ऐतिहासिक!अलीगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम लसाड़िया बेगमपुरा स्थित अद्वैत संन्यास आश्रम में चल रहे 9 दिवसीय श्री शिवशक्ति महायज्ञ को सफलतापूर्वक तीन दिन पूरे हो चुके हैं।कलश यात्रा के बाद से यहाँ श्रद्धालुओं का ऐसा रेला उमड़ रहा है कि पैर रखने तक की जगह नहीं है। शिव शक्ति महायज्ञ में तीसरे दिन 108 कुंडों में महा-हवनः विद्वान आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चार और पवित्र आहुतियों से पूरा पर्यावरण शुद्ध और दिव्य ऊर्जा से भर गया है। दिनभर भजनों की धूमःइस बार केवल रात ही नहीं, बल्कि दिन के समय भी सुमधुर भजनों की तान छिड़ रही है, जिसमें हज़ारों महिला और पुरुष श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर हवा में हाथ उठाए झूम रहे हैं। पूज्य स्वामी नित्यानंद गिरी जी महाराज (आश्रम भेडोली) के पावन सानिध्य में यज्ञशाला की परिक्रमा के लिए भारी भीड़ जुट रही है।आयोजन समिति और क्षेत्र के ग्रामीणों के सहयोग से इतनी भारी भीड़ के बावजूद बहुत ही शानदार व्यवस्था किए गए हैंःश्रद्धालुओं के लिए पूरे परिसर में ठंडे और शुद्ध पानी की उत्तम व्यवस्था की गई है। शाम होते ही दूधिया और रंग-बिरंगी अलौकिक रोशनी से पूरा आश्रम देवलोक की तरह जगमगा उठता है। दूर-दराज से आने वाले भक्तों के लिए रुकने और महाप्रसाद (भंडारा) की सुचारू व्यवस्था है। इस धार्मिक आयोजन के सहयोग में लसाड़िया, बेगमपुरा, हैदरीपुरा, पाड़ली, बराना, अमीनपुरा, अलीमपुरा, पचाला, बिशनपुरा, कासिमपुरा, चौरू, सहीदाबाद, रहमान नगर, मंडावरा, सद्दीक नगर, फिरोजपुरा, सोलतपुरा, महुवा, रिजोदा, गफूरपुरा, पचाली सहित आसपास के अनेक गांवों के ग्रामीण बढ़ चढ़कर स्त्रिरय सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

अलीगढ़ तहसील क्षेत्र के आस पास के लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। 'श्री शिवशक्ति महायज्ञ में उमड़े श्रद्धालु आसपास के सभी गांवों के लोगों ने इस पावन अवसर पर महा-हवन की परिक्रमा करें और पुण्य के भागीदार बनें! महायज्ञ का आयोजन के चौथे दिन काफी भीड़ रही। महायज्ञ में कुंडीय हवन, पूजन के साथ विभिन्न क्षेत्रों से आए साधु-संतों के धर्म संस्कृति के साथ साथ सनातन प्रेमियों को पुराणों का श्रवण करने का सौभाग्य एवं धर्म संस्कृति से संबंधित प्रवचन सुनने का भी शुभ अवसर प्राप्त हुआ।महायज्ञ का समापन 25 मई को पूर्णाहुति एवं भोज, भंडारा के साथ होगाअद्वैत संन्यास आश्रम, लसाडिया बेगमपुरा उनियारा, टोंक में भव्य 108 कुंडात्मक श्री शिवशक्ति महायज्ञ दिनांकः 17 मई से 25 मई 2026 आयोजन चल रहा है अनन्त विभूधित परम पूज्य श्रोत्रिय ज्ञानी ब्रह्मलीन श्री श्री 1008 स्वामी श्री जयशिवानन्द गिरी जी महाराज एवं जगद्गुरू तपोनिष्ठ बाल ब्रह्मचारी परिव्राजकाचार्य श्री श्री 1008 स्वामी श्री नित्यानन्द गिरी जी महाराज (अद्वैत संन्यास आश्रम भेड़ोली तह बॉली जिला सवाई माधोपुर के सानिध्य में हवन यज्ञ किया जिसमें सर्वसमाज के लोग हवन कुंड में भाग ले रहे है वही रानीपुरा (ककोड़) शिवजी राम मीना उनकी धर्मपत्नी कलावती मीना हवन यज्ञ बैठकर मंत्रोच्चार के साथ हवन चल रहा नित्यानन्द महाराज के शिष्य शिवजी राम रानीपुरा ने बताया कि हिंदू धर्म में प्राचीन काल से ही पूजा विधि के साथ यज्ञ-हवन का विशेष महत्व रहा है और प्राचीन समय से ही ऋषि मुनि यज्ञ-हवन करते आ रहे हैं. हिंदू धर्म शास्त्रों में ऐसा कहा गया है कि यज्ञ करने से वातावरण शुद्ध होता है. इसके साथ ही हवन कुंड की अग्नि के द्वारा देवताओं को प्रसन्न किया जाता है. विज्ञान के अनुसार, जिस स्थान पर हवन किया जाता है उस स्थान के आसपास का वातावरण शुद्ध होने के साथ रोग उत्पन्न करने वाले कीटाणु अपने आप ही नष्ट हो जाते हैं।

# होली के चौक स्थित सूरजमुखी बालाजी मंदिर में चोरी की वारदात



स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** धार्मिक नगरी पुष्कर में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि अब भगवान के मंदिर भी सुरक्षित नहीं रह गए। धार्मिक आस्था के केंद्र और कस्बे के व्यस्त मुख्य बाजार क्षेत्र होली का चौक स्थित सूरजमुखी बालाजी मंदिर में देर रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर श्रद्धालुओं को हैरान कर दिया। चोर मंदिर में रखे दानपात्र को तोड़कर उसमें रखी हजारों रुपये की नगदी लेकर फरार हो गए। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि चोरों ने दानपात्र में मौजूद सिक्कों को हाथ तक नहीं लगाया और केवल नोटों को ही अपने साथ ले गए। इस घटना ने लोगों के बीच चर्चा और आक्रोश दोनों पैदा कर दिए हैं। हनुमान भक्त सुरेश पाराशर ने बताया कि सुबह जब श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे तो दानपात्र खुला हुआ मिला। दानपात्र की स्थिति देखकर तुरंत चोरी की आशंका हुई और मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि चोरों की पहचान की जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि मुख्य बाजार क्षेत्र के मंदिर भी सुरक्षित नहीं हैं, तो आमजन की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। अब लोगों की नजर पुलिस की कार्रवाई पर टिकी है कि आखिर कब तक इन चोरों तक पहुंचा जा सकेगा।



# ये हैं जेईई मेन परीक्षा क्रैक करने के लिए जरूरी टिप्स

**जेईई मेन एग्जाम की डेट नजदीक आ रही है। इस परीक्षा का पहला सेशन फरवरी के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाएगा, जिसमें लाखों उम्मीदवार अपनी काबिलियत को आजमाएंगे। देश के टॉप इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिले के लिए होने वाली इस परीक्षा को देश की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक माना जाता है। अगर आप भी इस परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं तो आपको यहां पर हम जेईई मेंस की प्रिपरेशन प्लानिंग के बारे में पूरी जानकारी और टिप्स देंगे।**

## सिलेबस को समझ कर बनाएं प्लान

जेईई मेन की तैयारी के लिए छात्रों को प्रभावी प्लान बनाने की जरूरत पड़ेगी और इसमें मदद करेंगा परीक्षा का सिलेबस। सबसे पहले सिलेबस को समझे और इसके आसान और कठिन विषयों को ध्यान में रखकर अपनी प्रिपरेशन प्लानिंग बनाएं। अपनी क्षमता और स्पीड के आधार पर, तीनों विषयों को शामिल करते हुए एक डेली प्रिपरेशन प्लान बनाएं। इसका नियमित रूप से पालन भी करें।

## बेहतर टाइम टेबल बनाएं

इस परीक्षा की तैयारी के लिए सही टाइम टेबल होना बहुत जरूरी है। टाइम टेबल को अपने परीक्षा पैटर्न को ध्यान में रखकर बनाएं। इस परीक्षा में उम्मीदवारों को 90 प्रश्नों में से 75 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। प्रत्येक पेपर की अवधि 3 घंटे है। प्रत्येक विषय में 20 एमसीक्यू और 10 न्यूमेरिकल प्रश्न होंगे, जिनमें से 5 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। एमसीक्यू के लिए, प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक दिए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक काटा जाएगा। वहीं, न्यूमेरिकल प्रश्नों में सही उत्तर के लिए 4 अंक दिए जाएंगे और इस खंड में कोई निगेटिव मार्किंग नहीं है।

## मौजूदा टॉपिक को पूरा करें

इस परीक्षा के पहले अटेम्ट के लिए अब दो माह से कम समय बचा है। इसलिए तैयारी में आपको पूरा जोर लगाना पड़ेगा। अब समय आ गया है कि इस परीक्षा के प्रमुख टॉपिक को आप पूरा कर लें। उसके बाद दूसरे टॉपिक को शुरू करें। यह तरीका आगे चलकर आपके लिए महत्वपूर्ण पहलू साबित होगा, क्योंकि जेईई मेन की तैयारी के अंतिम चरण के दौरान, उम्मीदवारों को अधिक जोर नहीं लगाना पड़ेगा।

## फ्लैश कार्ड तैयार करें

इस परीक्षा की तैयारी के लिए शॉर्ट नोट्स बनाना बेहद महत्वपूर्ण है। फ्लैशकार्ड और शॉर्ट नोट्स तैयार करने का उद्देश्य मुख्य परीक्षा के आयोजन में जब एक सप्ताह का समय बचा हो, उस समय अधिक से अधिक समय को बचाकर इनसे तैयारी कर सकें। इनसे उम्मीदवार जल्दी से इन शॉर्ट नोट्स और फ्लैश नोट्स के माध्यम से पढ़ाई कर सकेंगे और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को दोहरा सकेंगे।

## सैंपल पेपर्स की प्रैक्टिस करें


जेईई मेंस परीक्षा की तैयारी के लिए लगातार सैंपल पेपर और प्रश्न पत्रों को हल करें। जेईई मेन प्रश्न पत्र को हल करने का उद्देश्य उम्मीदवारों को उनकी तैयारी के स्तर को जानने में सक्षम बनाना है। इससे, उम्मीदवार यह पता लगाने में सक्षम होंगे कि वे हर विषय में प्रत्येक प्रश्न को हल करने में कितना समय ले रहे हैं। साथ ही क्या वे अपने समय का उचित प्रबंधन कर पा रहे हैं या नहीं, यह समझ भी उनमें आएगी। जितना अधिक वे प्रश्नों को हल करेंगे, उन्हें पता चल जाएगा कि वे कौन से क्षेत्र हैं जिनमें उन्हें अधिक काम करना होगा ताकि परीक्षा के दिन कोई कठिनाई न आए। वे अपनी कमियों को दूर कर अपनी प्रदर्शन में सुधार कर सकते हैं।

## लगातार मॉक टेस्ट दें

अब सभी परीक्षा के लिए मॉक टेस्ट बेहद जरूरी हो गया है। यह हमें परीक्षा से पहले असपल परीक्षा का एहसास कराता है। अगर आप जेईई मेन की तैयारी कर रहे हैं, तो प्रतिदिन एक मॉक टेस्ट जरूर देने की कोशिश करें। इससे जेईई मेन प्रवेश परीक्षा के दिन उम्मीदवारों को किसी तरह के प्रेशर का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## रिवीजन जरूर करें

सभी परीक्षा के लिए रिवीजन बहुत ही जरूरी है। इसके बिना परीक्षा को क्रैक नहीं कर सकते। इसलिए, उम्मीदवारों को समय रहते जो कुछ पढ़ा है उसे अच्छी तरह से दोहरा लेना चाहिए। इससे टॉपिक को याद करने में काफी मदद मिलेगी। आप जो भी टॉपिक पढ़े उसका हर सप्ताह रिवीजन भी करें। इससे आपको याद करते में मदद मिलेगी।





# डेंटल हाइजीनिस्ट बनकर संवारें अपना कॅरियर

डेंटल हाइजीनिस्ट एक दंत पेशेवर है जो मौखिक स्वास्थ्य में माहिर है। इनका मुख्य काम आमतौर पर मौखिक स्वच्छता और देखभाल में तकनीकों पर ध्यान केंद्रित करना होता है। दंत चिकित्सक और डेंटल हाइजिनिस्ट मरीजों की मौखिक स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए एक साथ काम करते हैं। शरीर के अन्य भागों की तरह ही दांत भी मनुष्य के शरीर का एक अहम हिस्सा हैं। आमतौर पर ओरल हेल्थ का ख्याल रखना बेहद ही जरूरी माना जाता है और लोग इसका ख्याल रखते भी हैं। हालांकि दांतों व ओरल हेल्थ से संबंधित कई बार लोगों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ता है और ऐसे में एक पेशेवर की जरूरत पड़ती है। वैसे जब ओरल हेल्थ को लेकर डॉक्टर का ख्याल आता है तो हम सभी डेंटिस्ट के पास जाना पसंद करते हैं। लेकिन अब, दंत चिकित्सा तेजी से बदल रही है, कई अवसरों और चुनौतियों का निर्माण कर रही है। दंत चिकित्सकों के रूप में मुख्य कॅरियर के अलावा, दंत चिकित्सा सहायक, डेंटल हाइजीन के क्षेत्र में भी आप कॅरियर के अवसर तलाश सकते हैं। तो चलिए आज हम जानते हैं कि डेंटल हाईजीनिस्ट बनकर आप अपना कॅरियर कैसे संवार सकते हैं–

## क्या होता है काम

कॅरियर एक्सपर्ट बताते हैं कि डेंटल हाइजीनिस्ट एक दंत पेशेवर है जो मौखिक स्वास्थ्य में माहिर है। इनका मुख्य काम आमतौर पर मौखिक स्वच्छता और देखभाल में तकनीकों पर ध्यान केंद्रित करना होता है। दंत चिकित्सक और डेंटल हाइजिनिस्ट मरीजों की मौखिक स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए एक साथ काम करते हैं। डेंटल हाइजिनिस्ट अमूमन डेंटिस्ट को मरीजों के दांतों की देखभाल करने और अच्छे मौखिक स्वास्थ्य को मेंटेन रखने में रोगियों को शिक्षित करने में सहायता करते हैं। डेंटल हाइजीनिस्ट के कुछ अधिक विशिष्ट कर्तव्यों में दांतों से टार्टर और प्लाक को हटाना, दांतों की सुरक्षा के लिए फ्लोराइड या सीलेंट लगाना, एक्स–रे लेना और उचित मौखिक स्वच्छता पर मरीजों को शिक्षित करना शामिल है। हाइजीनिस्ट मरीजों को अपने दांतों की देखभाल के बारे में बात करने में समय बिताते हैं। वे लोगों को उन प्रभावों के बारे में शिक्षित करते हैं जो उनके आहार और जीवन शैली का उनके दांतों पर प्रभाव डालते हैं। साथ ही वे दांतों को स्वस्थ रखने के लिए तकनीकों और आदतों के बारे में बताते हैं।

## शैक्षिक योग्यता

डेंटल हाइजीनिस्ट कोर्स को कई डेंटल कॉलेजों में डिप्लोमा या सर्टिफकिट कोर्स के रूप में पेश किया जाता है। जो छात्र डेंटल हाइजीनिस्ट का कोर्स करना चाहते हैं, उन्हें 12वीं की परीक्षा भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान विषय में पास करना अनिवार्य है।

## व्यक्तिगत योग्यता

कॅरियर एक्सपर्ट के अनुसार, डेंटल हाइजीनिस्ट की आंखों की रोशनी, सुनने और संचार कौशल अच्छा होना चाहिए। किसी भी अन्य चिकित्सा क्षेत्र के साथ, उन्हें दूसरों की मदद करने की तीव्र इच्छा होनी चाहिए, और दंत चिकित्सकों के निर्देशों का बारीकी से पालन करने में सक्षम होना चाहिए। इसके अलावा, अच्छा पारस्परिक कौशल, धैर्य, परिश्रम और उच्च स्तर की सटीकता एक अच्छा हाइजीनिस्ट होने के लिए आवश्यक कौशल हैं। एक टीम के रूप में काम करने की क्षमता भी इस क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है।

## संभावनाएं ही संभावनाएं

दंत चिकित्सा के क्षेत्र में बतौर डेंटल हाइजीनिस्ट बनकर भी आप एक अच्छा कॅरियर देख सकते हैं। एक डेंटल हाईजीनिस्ट अस्पताल से लेकर कम्युनिटी डेंटल सर्विस के रूप में काम कर सकते हैं। इसके अलावा वे पीरियोडोंटिक्स या बाल चिकित्सा दंत चिकित्सा में भी काम कर सकते हैं। डेंटल हाईजीनिस्ट डेंटल हॉस्पिटल, आर्म्ड फोर्स, पब्लिक हेल्थ सेक्टर व प्राइवेट रूप से भी प्रैक्टिस कर सकते हैं।

## आमदनी

डेंटल हाईजीनिस्ट की आमदनी उनकी शिक्षा, अनुभव व स्थान के आधार पर भिन्न होती है। एक डेंटल हाईजीनिस्ट की आमदनी घंटे, दिन, सैलरी या कमिशन बेस पर हो सकती है। हालांकि इस क्षेत्र में एक फ्रेशर प्रति माह आठ से दस हजार रूपए वेतन प्राप्त कर सकता है।

### प्रमुख संस्थान

- भारत इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल एंड मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली
- भारत यूनिवर्सिटी, चेन्नई
- जया पैरामेडिकल कॉलेज एंड एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, हरियाणा
- लक्ष्मी बाई इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल, पटियाला



# कृषि का अध्ययन करने के बाद एक सफल उद्यमी कैसे बनें

**उद्यमिता और कृषि बिलकुल एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। कृषि एक उद्योग है, जो दुनिया भर में है और धरती की पूरी आबादी को प्रभावित करता है। और यह सही है कि कृषि उद्यमी की हमेशा जरूरत रहेगी। उद्यमिता आजकल हर जगह पाई जा सकती है। हर पेशे में एक उद्यमी क्षेत्र होता है। उस विशेष क्षेत्र में कृषि निश्चित रूप से बहुत अहम भूमिका निभाता है। उद्यमिता और कृषि बिलकुल एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। कृषि एक उद्योग है, जो दुनिया भर में है और धरती की पूरी आबादी को प्रभावित करता है। और यह सही है कि कृषि उद्यमी की हमेशा जरूरत रहेगी।**

उद्यमिता क्षेत्र के किसान आजकल अपने खेतों को व्यवसाय मानते हैं और वे उन्हें ऐसा ही मानेंगे। वे जोखिम लेने के लिए तैयार हैं, वे नई और इनोवेटिव तकनीकों का इस्तेमाल करेंगे और सामान्य तौर पर वे अपनी सामर्थ्य के हिसाब से सब कुछ करेंगे जो उन विचारों के साथ आएंगे जो उनके लाभ को अधिकतम करेंगे, उनके प्रयास को कम करेंगे और उनके व्यवसाय को बढ़ाएंगे। आर्थिक वृद्धि और विकास के लिए उद्यमियों की भूमिका को मान्यता देते हुए विश्वविद्यालय और कॉलेज स्तर में कई पाठ्य कार्यक्रमों ने छात्रों के उद्यमिता कौशल को विकसित करने के लिए एक विषय के रूप में उद्यमिता को शामिल किया है। हालांकि, मौजूदा समय में नौकरियों को भरने के लिए कॉलेज में इस विषय का अध्ययन करने वाले पर्याप्त छात्र नहीं हैं। और इसके परिणामस्वरूप सफल कृषि व्यवसाय चलाने के अनुभव वाले कम लोग ही होंगे।

## कृषि–उद्यमी बनने के लिए जरूरी कदम

**प्रक्रिया का पहला चरण**– यदि उद्यमिता की अवधारणा के साथ खुद को परिचित करना है तो आपको यह समझने की आवश्यकता है कि उद्यमशीलता क्या है और यह आपके खेत को कैसे लाभ पहुंचा सकती है।

**दूसरा कदम**– कृषि की दुनिया के सभी नए नए विचारों के बारे में सीखना है। नई सामग्रियों और उर्वरकों से लेकर नई मशीनों और प्रौद्योगिकियों तक। इससे आपको अपने खेत को एक वास्तविक बड़े व्यवसाय के रूप में कल्पना करने में और उन सभी छोटी छोटी चीजों को व्यवस्थित करने में, जो आपको याद आ रही हैं, काफी मदद मिलेगी।

**तीसरा कदम**– एक साझेदारी बनाना है। एक उद्यमी के रूप में सफल होने के लिए ऐसी बहुत सी चीजें हैं जिनकी आपको आवश्यकता होगी और आपको उन चीजों को प्रदान करने के लिए किसी की आवश्यकता भी संभवत: हो सकती है। उन लोगों के साथ सही साझेदारी बनाएं, जो आपके सपने और सफलता की महत्वाकांक्षा को साझा करते हैं।

**चौथा कदम**– कृषि के क्षेत्र में 'धमाकेदार' के साथ अपना नया 'स्टार्ट–अप' व्यवसाय शुरू करना है। आपको एक बहुत मजबूत और ठोस व्यवसाय योजना की आवश्यकता है। आपको कुछ जोखिम भी उठाने पड़ सकते हैं। यह जानना कि आप किस उद्देश्य से काम कर रहे हैं, सही व्यवसाय योजना बनाना बहुत कठिन काम नहीं है।

आपके लिए यह याद रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि साझेदारी आपके कृषि व्यवसाय के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यदि आप वास्तव में सफल उद्यमी बनना चाहते हैं तो आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप जो भी सहायता प्राप्त कर सकते हैं, उसका ठीक से उपयोग करेंगे।



# कैसे बनाएं अभिलेखीय विज्ञान में कॅरियर

प्रत्येक स्थान का इतिहास हजारों पांडुलिपियों, अभिलेखों, शिलालेखों, दस्तावेजों आदि में अंतर्निहित है, इन अद्वितीय अभिलेखों को वैज्ञानिक रूप से संरक्षित और अभिलेखीय अभिलेख या आर्काइवल रिकॉर्ड्स कहा जाता है, जो किसी विशेष क्षेत्र और समाज के इतिहास को समझने में मदद करते हैं। आमतौर पर लोग म्यूजियम, आर्काइव्स और लाइब्रेरी को लेकर भ्रमित हो जाते हैं, क्योंकि ये सभी सांस्कृतिक संस्थाएं हैं, जो सांस्कृतिक विरासत के संग्रह और संरक्षण से संबंधित हैं। यह तीनों ही इतिहास को संरक्षित रखने में मदद करते हैं, लेकिन फिर भी इनमें अंतर है। जहां, संग्रहालय ऐतिहासिक कलाकृतियों और वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं, वहीं पुस्तकालय में प्रकाशित पुस्तकों, पत्रिकाओं आदि को रखा जाता है, जबकि आर्काइव्स अभिलेखों पर ध्यान केंद्रित करने में माहिर हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बताते हैं कि अभिलेखीय विज्ञान में कॅरियर कैसे बनाएं–

**कॅरियर एक्सपर्ट कहते हैं कि एक व्यक्ति जो अभिलेखागार में काम करता है, उसे पेशेवर रूप से एक अभिलेखागार या आर्काइवल के रूप में जाना जाता है। अभिलेखागार ऐतिहासिक रिकॉर्ड संग्रह का प्रबंधन करने के लिए मानकों का पालन करते हैं।**

## क्या होता है काम

कॅरियर एक्सपर्ट कहते हैं कि एक व्यक्ति जो अभिलेखागार में काम करता है, उसे पेशेवर रूप से एक अभिलेखागार या आर्काइवल के रूप में जाना जाता है। अभिलेखागार ऐतिहासिक रिकॉर्ड संग्रह का प्रबंधन करने के लिए मानकों का पालन करते हैं। वे उन अभिलेखों का मूल्यांकन, संग्रह, आयोजन, संरक्षण और रखरखाव करते हैं, जिनके पास अतीत की विश्वसनीय यादों के रूप में स्थायी मूल्य होते हैं। वे ऐसे लोग हैं जो राष्ट्रीय और स्थानीय अभिलेखागार, विश्वविद्यालयों, अस्पतालों, व्यवसायों, आदि में दस्तावेजीकरण के लिए जिम्मेदार हैं, वे कानूनी, वित्तीय और प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए रिकॉर्ड को संरक्षित और सुलभ बनाते हैं।

## शैक्षणिक योग्यता

कॅरियर एक्सपर्ट के अनुसार, अधिकांश कॉलेज और विश्वविद्यालय सूचना विज्ञान के साथ एक सहायक विषय के रूप में अभिलेखीय विज्ञान पढ़ाते हैं। वहीं, भारत में कुछ संस्थान ऐसे भी हैं, जो अभिलेखीय विज्ञान में सर्टिफकिट और डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं जैसे कि अभिलेखागार में पीजी प्रमाणपत्र, अभिलेखागार अध्ययन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, अभिलेखागार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, अभिलेखागार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा और अभिलेखागार और प्रबंधन और प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा आदि।

## व्यक्तिगत गुण

कॅरियर एक्सपर्ट कहते हैं कि एक आर्काइविस्ट में बेहतर कम्युनिकेशन स्किन के अलावा एनालिटकल एंड रिसर्च स्किल्स, प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स और आर्गेनाइजेशनल एबिलिटी होना बेहद जरूरी है। उन्हें धैर्य रखने के अलावा सटीक, पूरी तरह से समझने और क्या जानकारी रखने के बारे में अच्छे निर्णय लेने में सक्षम होने की आवश्यकता है। उन्हें एक सुव्यवस्थित और व्यवस्थित तरीके से काम करना चाहिए, जानकारी को निजी रखने और दबाव में अच्छी तरह से काम करने में सक्षम होना चाहिए। इसके अलावा, एक आर्काइविस्ट को कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का भी सही तरह से इस्तेमाल करना आना चाहिए।

## संभावनाएं

आर्काइविस्ट विभिन्न संगठनों जैसे संग्रहालयों, सरकारी एजेंसियों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों, औद्योगिक और वाणिज्यिक फर्मों, ऐतिहासिक सोसाइटी, निगमों और अन्य कई संस्था में काम कर सकते हैं। वहीं, सरकारी क्षेत्रों में रोजगार की तलाश करने वालों को संघ लोक सेवा आयोग या कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं को पास करना होगा। भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार, संस्कृति मंत्रालय का एक संबद्ध कार्यालय, जो राष्ट्र के सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों और अभिलेखागार का प्रबंधन करता है, अपनी विभिन्न इकाइयों में योग्य उम्मीदवारों को नौकरी के विभिन्न अवसर प्रदान करता है।

इस क्षेत्र में एक फ्रेशर शुरुआती वेतन 10000 रुपये से लेकर 15000 रुपये प्रति माह तक कमा सकता है। अनुभवी और योग्य पेशेवर प्रति माह लगभग 20,000 रुपये का वेतन प्राप्त कर सकते हैं। वहीं अनुभव बढ़ने के साथ–साथ आपकी आमदनी भी बढ़ती है।

## प्रमुख संस्थान

- नेशनल आर्काइव्स ऑफ इंडिया, नई दिल्ली
- पटना यूनिवर्सिटी, पटना
- महर्षि दयानंद सरस्वती यूनिवर्सिटी, अजमेर
- द गांधीग्राम रूरल इंस्टीट्यूट, तमिलनाडु



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com